ज्ञानामृत

बसंत अपने आप नहीं आता, उसे लाना पड़ता है। सहज आने वाला तो पतझड़ होता है, बसंत नहीं।

▶▶ हरिशंकर परसाई

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित

छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

www.vijaymat.com | रायपुर, मंगलवार, 1 अप्रैल 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 86 | पेज- 08 | मूल्य- ₹ 2.00/-

# विष्णुदेव सरकार की दृढ़ इच्छा शक्ति के आगे नक्सलवाद ने घुटने टेके

**बात कहूँ खरी-खरी**

**विजय शुक्ला**

**केन्द्र सरकार ने नक्सलवाद के ताबूत पर आखिरी कील ठोकने का अभियान तेज कर दिया है। गृहमंत्री अमित शाह ने 2026 तक नक्सलमुक्त मुक्त भारत का संकल्प लिया है। छतीसगढ़ की विष्णुदेव सरकार के दृढ़ इच्छाशक्ति के आगे नक्सलियों ने घुटने टेक दिये हैं। नक्सलवाद अंतिम सांसे गिन रहा है।**

**लाल** आतंक के नाम से बदनाम नक्सलवाद की जड़ों का अंतिम संस्कार क्या वाकई करीब आ गया है? आइए समझते हैं। इसकी मुख्य वजह केन्द्र की भाजपा सरकार है जिसने भारत की धरती से नक्सलियों का नामों निशान मिटाने का संकल्प लेकर उनके विरुद्ध आर पार का युद्ध चला रखा है। नक्सलियों को जंगल बीहड़ों में सिर छुपाने की जगह नहीं मिल रही है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की नक्सलियों से ठन गई है । उन्होंने 2026 तक भारत को नक्सलवाद मुक्त बनाने की टाईमलाईन दे दी है। देखा जाए तो नक्सलियों के समूल खात्मे की निश्चित इच्छाशक्ति वास्तव में पहली बार मोदी सरकार में देखने को मिल रही है। केंद्र में रहीं पूर्ववर्ती सरकारों में भी नक्सलियों के खिलाफ कई बार अभियान अवश्य चलाए गए किन्तु वर्तमान केन्द्र सरकार इस मामले में कहीं अधिक संकल्पित लगती है।

नक्सलवाद के आतंक से दशकों से प्रभावित छत्तीसगढ़ राज्य निर्णायक खात्मे की ओर बढ़ गया है। यह राज्य नक्सलियों के लिए मदर यूनिट या कहें हेड क्वार्टर कहा जाता है। महाराष्ट्, आंध्रप्रदेश, उड़ीसा, मप्र, तेलंगाना, बिहार और असम राज्यों में लाल आतंक का प्रभाव पचास से भी अधिक वर्षों से रहा है लेकिन छत्तीसगढ़ मानों इस नक्सलवाद रूपी राक्षस की नाभि है। कांग्रेस के राज में नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब यदि दिया गया होता तो इसकी जड़ें इतनी मजबूत कभी नहीं हो सकतीं थीं। तमिल लिट्टे के विरुद्ध लड़ते हुए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की मानवरहित बम से हत्या कर दी गई थी। इसके बावजूद कांग्रेस सरकारें नक्सलवाद के खिलाफ लचीला रुख अपनाने से बाज नहीं आईं। वर्ष 2008 में छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव की बेला में नक्सलियों के हमले में कांग्रेस ने महेन्द्र कर्मा,विद्याचरण शुक्ल समेत कई बड़े नेताओं की जान चली गई थी। 2018 में कांग्रेस पार्टी की छतीसगढ़ में सरकार आई। भूपेश बघेल मुख्यमंत्री बनाये गए लेकिन उन्होंने कांग्रेस नेताओं के बलिदान का बदला लेने की दिशा में नक्सलियों के खिलाफ कोई निर्णायक अभियान क्या चलाया ? उल्टे नक्सलियों के क्षेत्र का तेजी से विस्तार होता चला गया। उनके हौसले बुलंद होते गए। कांग्रेस में इच्छाशक्ति का अभाव साफ़ नज़र आया। वर्ष 2023 में पुनः भाजपा की सरकार बनने के साथ ही नक्सलियों का सिर कुचलने की रणनीति बनाने का कार्य



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में शुरू हुआ। करीब तेरह महीने के अल्प अवधि कार्यकाल में लाल आतंक रूपी विषैले ड्रैगन के फन को कुचलने का अभियान काफी हद तक सफलता प्राप्ति की ओर है। केन्द्र सरकार ने सभी राज्यों से नक्सलियों के खिलाफ अभियान तेज करने को कहा है। और इसमें छत्तीसगढ़ सरकार फिलहाल सबसे ज्यादा सफल हुई है। तो इसकी एक प्रमुख वजह मुख्यमंत्री साय का गृहमंत्री अमित शाह को दिया गया खुला समर्थन है। दरअसल, मुख्यमंत्री एक आदिवासी समाज से हैं । उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में लाल आतंक का अनेकों बार सामना करते हुए आदिवासियों की दुर्दशा को बड़ी नजदीक से न केवल देखा बल्कि उसे महसूस भी किया है। छत्तीसगढ़ की प्रगति एवं उन्नति की राह में नक्सली हिंसा सबसे बड़ी चुनौती बन गई थी। आदिवासियों का जीवन समस्याओं से ग्रसित हो गया । वे विकास की मुख्यधारा से जुड़ ही नहीं पा रहे थे। सरकार अपनी कोई योजना चलाती वह जंगलों में बसे सुदूर वनवासियों तक पहुंचने से पहले ही दम तोड़ देती। पूर्ववर्ती राज्य सरकारें इस चुनौती को भलीभांति समझती थी किन्तु कोई बड़ा परिवर्तन लाने के बारे में विचार नहीं हुए। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सलियों द्वारा दी जा रही तमाम चुनौतियों को धूल चटाने का निर्णय लिया। उन्होंने तय किया कि उनकी सरकार नक्सलियों का आतंक जड़ से मिटाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। नक्सलवाद के खात्मे के अभियान को गृहमंत्री अमित शाह से बहुत शक्ति मिली है। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के अनेकों ठिकानों को पुलिस सुरक्षा बल ध्वस्त कर महज तीन महीने में 340 से अधिक नक्सलियों को मौत के घाट उतार चुका है। जिनमें 25 लाख से लेकर एक करोड़ रुपये तक के ईनामी नक्सली हैं। दो हजार नक्सली हथियार डाल चुके हैं। यह कहने में कोई संकोच नहीं है कि गृहमंत्री अमित शाह की प्रतिज्ञा और विष्णुदेव साय के दृढ़ निश्चय के आगे लाल आतंक ने पूरी तरह से घुटने टेक दिए हैं। मुख्यमंत्री साय नक्सलियों को खुली चेतावनी देकर कहते हैं या तो वे सरेन्डर करें या फिर पुलिस की गोलियाँ खाने को तैयार रहें। उनका सफाया तय है। नक्सलियों के सफाए से जुड़े अभियान के लिए केन्द्र और राज्य सरकार के साझा प्रयास सराहनीय है। छत्तीसगढ़ की मौजूदा भाजपा सरकार द्वारा चलाया गया अभियान राज्य के समग्र विकास के लिए मील के पत्थर से कम नहीं है। धर्मांतरण को लेकर भी साय सरकार बेहद कठोर कानून बनाने की तैयारी कर रही है। जनजातीय समुदाय में तेजी से हो रहा धर्मांतरण भी रोकना होगा। जिसके लिए रोजगार एवं शिक्षा दो कारगर उपाय हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने दी ऐतिहासिक रेल कनेक्टिविटी की सौगात

# स्मार्ट सिटी से स्मार्टली कनेक्टेड सिटी की ओर बढ़ता नया रायपुर

**विजय मत, रायपुर**

छत्तीसगढ़ का नया रायपुर, जो अब तक स्मार्ट सिटी के रूप में पहचाना जाता था, आज एक नए अध्याय में प्रवेश कर चुका है स्मार्टली कनेक्टेड सिटी के रूप में। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 मार्च को बिलासपुर के मोहभट्ठा ग्राम में आयोजित आमसभा और लोकार्पण शिलान्यास समारोह में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अभनपुर-रायपुर मेमू ट्रेन सेवा का शुभारंभ कर नया रायपुर को भारतीय रेल नेटवर्क से सीधे जोड़ने की ऐतिहासिक शुरुआत की।

इस नई मेमू सेवा के शुरू होने से अब रायपुर रेलवे स्टेशन से मंदिरहसौद, सीबीडी, केंद्री होते हुए नया रायपुर तक की यात्रा सीधी, सहज और मात्र 10 रुपये में संभव हो गई है। राज्य सचिवालय, मंत्रालय, आवासीय क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत हजारों कर्मचारी, विद्यार्थी और आमजन इससे लाभान्वित होंगे। रेल सेवा की शुरुआत से अब रायपुर रेलवे स्टेशन से मंदिर हसौद, सीबीडी, केंद्री होते हुए नया रायपुर तक यात्रियों के लिए सीधी और किफायती ट्रेन




सुविधा उपलब्ध होगी। इसका सीधा लाभ नया रायपुर के मंत्रालय, सचिवालय, आवासीय क्षेत्रों, विद्यार्थियों और कर्मचारियों को मिलेगा। यह सेवा नया रायपुर को रायपुर शहर और क्षेत्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर है। यह न केवल यात्रियों के समय और धन की बचत करेगा, बल्कि नया रायपुर को आवागमन, निवेश और आवासीय विकास की दृष्टि से नई उड़ान देगा।

**मेमू ट्रेन सेवा की विशेषताएँ**

- **अत्याधुनिक थ्री-फेज़ मेमू ट्रेन:** उच्च गति, ऊर्जा दक्षता और आरामदायक यात्रा अनुभव
- **स्टॉपेज:** रायपुर, मंदिर हसौद, नया रायपुर सीबीडी, केंद्री और अभनपुर
- **विशेषता:** कुशन वाली सीटें, बड़ी खिड़कियाँ, मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, जीपीएस-आधारित स्टेशन डिस्प्ले, सीसीटीवी निगरानी, बायो-टॉयलेट्स।

## बस्तर अब संस्कृति के रास्ते चलेगा विकास की ओरः सीएम साय

### बस्तर पंडुमः कवि कुमार विश्वास 3 अप्रैल को सुनाएंगे बस्तर के राम की अनुपम कथा

बस्तर क्षेत्र की कला, संस्कृति और परंपराओं के उत्सव 'बस्तर पंडुम' में डॉ. कुमार विश्वास द्वारा 'बस्तर के राम' कथा वाचन किया जाएगा। आगामी 3 अप्रैल को होने वाला यह आयोजन, बस्तर क्षेत्र में शांति और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए सोपान तय करेगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर पंडुम 2025 को बस्तर की आत्मा से जुड़ा एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण बताते हुए कहा कि यह



केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की अस्मिता, आस्था और आकांक्षाओं का उत्सव है। उन्होंने कहा कि 'बस्तर के राम' जैसे कार्यक्र म बस्तर की धरती को आध्यात्मिक ऊर्जा से जोड़ते हैं और यह सिद्ध करते हैं कि विकास का सबसे सशक्त मार्ग संस्कृति और परंपरा से होकर जाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विश्वास जताया कि यह उत्सव बस्तर को वैश्विक सांस्कृतिक मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएगा और हमारी जनजातीय परंपराएं आने वाली पीढ़ियों के लिए गर्व और प्रेरणा का स्रोत बनेंगी। बताते चलें कि, दंडकारण्य क्षेत्र का रामायण काल में विशेष स्थान रहा है और श्री राम ने अपने वनवास काल का कुछ समय दंडकारण्य के जंगलों में व्यतीत किया था। डॉ. कुमार विश्वास बस्तर क्षेत्र के परिपेक्ष्य में श्री राम के महत्व पर अपनी राम कथा बस्तर के राम का वाचन करेंगे। बस्तर पण्डुम आयोजन में डॉ. कुमार विश्वास की वाणी में जब राम कथा की गूंज बस्तर की वादियों में फैलेगी तो इसमें सिर्फ शब्द नहीं बल्कि एक भावना होगी शांति, एकता और पुनर्जागरण की। इस आयोजन के माध्यम से बस्तर क्षेत्र में श्री राम के प्रवास का स्मरण कर अपनी समृद्ध पौराणिक विरासत का अनुभव कर सकेंगे।

**यह विकास के संकल्प का परिचायक**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने "बस्तर के राम" के आयोजन पर कहा कि "बस्तर पण्डुम" और "बस्तर के राम" जैसे आयोजन बस्तर क्षेत्र को भारत और विश्व से जोड़ते एक सांस्कृतिक सेतु की तरह है, जो हमारे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के बस्तर क्षेत्र के समेकित विकास के संकल्प का परिचायक है। बस्तर क्षेत्र आज गर्व से साक्षी बन रहा है कि हिंसा का अंत संभव है और शांति का मार्ग संस्कृति से होकर गुजरता है।

**संसद में वक्फ बिल पेश करने की प्रक्रिया शुरू**

## विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि संसद में वक्फ बिल पेश करने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। उन्होंने सोमवार शाम एक प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार विधेयक के प्रावधानों से जुड़े हर सवाल का जवाब देने को तैयार है। इस विधेयक में अल्पसंख्यकों के साथ नाइंसाफी है, ऐसा कोई प्रावधान शामिल नहीं किया गया है। बकौल रिजिजू, जो वक्फ विधेयक का विरोध कर रहे हैं, वे शक्तिशाली लोग हैं। उन्होंने वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है। वे लोगों को गुमराह कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि विधेयक असंवैधानिक है। उन्होंने साफ किया कि आलोचना करना सबका अधिकार है, लेकिन उसका कुछ आधार भी होना चाहिए। बकौर रिजिजू, धार्मिक प्रतिबद्धताओं और मान्यताओं से परे जाकर कई संगठन विधेयक का समर्थन कर रहे हैं। विधेयक गरीब मुसलमानों, बच्चों और महिलाओं के हित में है।



**सख्तीः केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया ऐलान**

## अब देशभर में टू व्हीलर्स के साथ दो हेलमेट देना जरूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश में दो पहिया वाहन निर्माताओं को अपने वाहन के साथ अब से दो हेलमेट देना अनिवार्य करने का ऐलान कर दिया है। गडकरी की ओर से घोषणा की गई है कि दो पहिया वाहनों को खरीदते समय निर्माता को दो हेलमेट देने होंगे। यह हेलमेट आईएसआई प्रमाणित होंगे और इनको देना अनिवार्य है। दिल्ली में आयोजित एक ऑटो समिट के दौरान इसकी घोषणा की गई है। टू व्हीलर हेलमेट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ने इस घोषणा का स्वागत किया है। यह नियम नहीं, बल्कि देश की आवश्यकता है। यह फैसला अब ऐसी त्रासदियों को रोकेगा जो इस हादसों में जान गंवा चुके है। हेलमेट निर्माता संघ ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण आईएसआई हेलमेट के उत्पादन में वृद्धि करेंगे और देशभर में इनकी उपलब्धता सुनिश्चित हो। भारत में हर साल बड़ी संख्या में सड़क हादसों में कई लोगों की जान जाती है। हर साल देश में 5 लाख सड़क हादसे होते हैं और इन हादसों में 2 लाख लोगों की मौत हो जाती है। खासकर दो पहिया वाहनों से जुड़े हादसों में 70 हजार लोगों की मौत होती है। जिसमें से 50 फीसदी मौत हेलमेट न पहनने के कारण हुई है। दो पहिया वाहन चलाते हुए हेलमेट न पहना जाए तो हादसे के समय मौत होने का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन अगर हेलमेट पहना हुआ हो तो हादसा होने पर सिर का बचाव हो जाता है। इसके अलावा सर्वाइकल स्पाइन इंजरी का खतरा कम हो जाता है। हेलमेट पहनने के कारण सिर को तो बचाया जा सकता है। साथ ही आंखों को भी सुरक्षित रखने में मदद मिलती है।



## बीजापुर बॉर्डर पर मुठभेड़ः 25 लाख की इनामी महिला नक्सली का मिला शव

**विजय मत, ब्यूरो दंतेवाड़ा**

नक्सल विरोध अभियान पर निकले जवानों और माओवादियों के बीच सोमवार को मुठभेड़ हो गई। दंतेवाड़ा और बीजापुर के सरहदी क्षेत्र में सुरक्षा बलों के जवानों और नक्सलियों के बीच सुबह 9 बजे से मुठभेड़ जारी है। दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि सुरक्षाबलों के जवानों की टीम दंतेवाड़ा के थाना गीदम और बीजापुर के थाना भैरमगढ़स सरहदी ग्राम नेलगोड़ा, एकेली और बेलनार में सुबह करीब 9 बजे नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी, इसी दौरान जंगल में मुठभेड़ शुरू हो गई। दोनों ओर से लगातार फायरिंग चल रही है। एसपी राय ने बताया कि मुठभेड़ स्थल से



अब तक एक महिला नक्सली का शव मिला है, जो 25 लाख की इनामी है और इसका नाम रेणुका उर्फ बानु उर्फ चैते उर्फ सरस्वती है। मारी गई महिला नक्सली डीकेएसजेड सीएम की सदस्य है। इसके साथ ही एक इंसास राइफल, गोला बारूद के साथ अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी मिली है। एसपी ने बताया कि नक्सल ऑपरेशन अभी भी जारी है। दोनों ओर से रुक रुककर फायरिंग हो रही है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

## अच्छे अंक देने का लालच देकर छात्रा से छेड़छाड़, प्रोफेसर गिरफ्तार

### खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय का मामला

**विजय मत, ब्यूरो खैरागढ़**

खैरागढ़ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के प्रोफेसर पर छेड़छाड़ का आरोप लगा है। डॉ. योगेंद्र चौबे पर छात्रा ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि, प्राध्यापक ने उसे परीक्षा में अच्छे अंक देने का लालच दिया। इसके बाद वह गंदी हरकत करने लगा। जानकारी के मुताबिक, छात्रा के विरोध करने पर भी वह उसे बार-बार अपने पास बुलाता रहा। प्रोफेसर ने उसे मोबाइल पर गंदे मैसेज और रील भेजकर मिलने के लिए दबाव बनाया। छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर प्रोफेसर चौबे को जेल भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि, यह मामला अगस्त 2023 का है। पीड़ित छात्रा ने आरोप लगाया कि डॉ. योगेंद्र चौबे ने परीक्षा में अच्छे अंक देने का लालच देकर उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। पहले वह सामान्य व्यवहार करता था, लेकिन बाद में वह अश्लील इशारे करने लगा। उसने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया, तब भी प्रोफेसर उसे बार-बार अपने पास बुलाने की कोशिश करते। इतना ही नहीं, प्राध्यापक मोबाइल पर अश्लील मैसेज और रील भेजकर मिलने के लिए दबाव डालते थे। उसकी हरकतें लगातार बढ़ती गईं।



**गर्मी के चलते स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव**

## प्रदेश में अब सुबह 7 से 11 और 11 से 3 बजे तक दो पाली में होगी पढ़ाई

**विजय मत, रायपुर**

बढ़ती गर्मी को देखते हुए छत्तीसगढ़ में सरकारी और प्राइवेट स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय नवा रायपुर ने नया शेड्यूल जारी किया है, जो 2 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगा।

जारी आदेश के मुताबिक, सभी प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूल सुबह 7 बजे से 11 बजे तक संचालित होंगे। वहीं, जहां दो पालियों में चलने वाले प्राथमिक स्कूल और पूर्व माध्यमिक की कक्षाएं सुबह 7 से 11 बजे तक। हायर सेकेंडरी की कक्षाएं सुबह 11



से 3 बजे तक चलेंगी। बताते चलें कि, गर्मी बढ़ने के कारण यह फैसला लिया गया है। जिससे बच्चों को दोपहर की तेज धूप से बचाया जा सके। हालांकि, शिक्षा संबंधित कार्यालयों का समय पहले की ही तरह रहेगा। शिक्षा विभाग के इस फैसले से हजारों छात्रों को राहत मिलेगी। क्योंकि इससे बच्चों को लू और गर्मी से बचाव होगा।

**रायपुर सबसे गर्म**

प्रदेश में इस समय रायपुर शहर सबसे ज्यादा गर्म हैं। यहां तापमान 40 डिग्री पार हो गया है। सोमवार को राजधानी में टेम्प्रेचर 40.3 डिग्री रहा। इसी तरह बिलासपुर, रायगढ़, सुकमा और दंतेवाड़ा में भी तापमान 40 के करीब ही है।

**और बढ़ेगा तापमान**

मौसम विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक, 5 अप्रैल के बाद तापमान और बढ़ सकता है। ऐसे में दोपहर को स्कूल लगने से स्कूली छात्रों को परेशानी हो सकती थी। इसलिए शिक्षा विभाग ने 30 अप्रैल तक के लिए टाइमिंग बदल दी है।

**विजय मत एंकर** बॉम्बे हाईकोर्ट ने दो मामलों में सुनाए अहम फैसले

## मेडिक्लेम में दावेदार की ओर से प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं

**मुंबई, एजेंसी**

किसी व्यक्ति को मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत मिलने वाली राशि को मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के तहत चिकित्सा व्यय के लिए मिले मुआवजा राशि से नहीं काटा जा सकता। बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया है। अदालत के इस फैसले से बीमाधारकों को बड़ी राहत मिल सकती है।



न्यायमूर्ति एएस चांदुरकर, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव और न्यायमूर्ति गौरी गोडसे की पूर्ण पीठ ने 28 मार्च को अपने फैसले में कहा कि मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत राशि दावेदार की ओर से बीमा कंपनी के साथ किए गए अनुबंध के आधार भुगतान होना चाहिए। पीठ ने कहा, हमारे विचार में, मेडिक्लेम पॉलिसी के तहत दावेदार की ओर से प्राप्त किसी भी राशि की कटौती स्वीकार्य नहीं होगी। विभिन्न एकल व खंडपीठों की ओर से इस पर अलग-अलग विचार रखे जाने के बाद इस मुद्दे को पूर्ण पीठ को सौंप दिया गया था।

पूर्ण पीठ ने सर्वोच्च न्यायालय की ओर से पारित निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण को न केवल उचित मुआवजा देने का अधिकार है, बल्कि यह उसका कर्तव्य भी है। इसमें कहा गया है कि बीमा के कारण प्राप्त राशि, बीमाधारक द्वारा कंपनी के साथ किए गए संविदात्मक दायित्वों के कारण है। अदालत ने कहा कि प्रीमियम का भुगतान करने के बाद यह स्पष्ट है कि लाभार्थी राशि या तो पॉलिसी की परिपक्वता पर या मृत्यु पर, चाहे मृत्यु का तरीका कुछ भी हो, दावेदार के हिस्से में आएगी।

### 26 हफ्ते का गर्भ गिरा सकेगी महिला, बच्चे को जन्म देने के अधिकार पर अदालत का फैसला

एक 32 वर्षीय गर्भवती की याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने अहम आदेश पारित किया है। इस फैसले में कोर्ट ने बच्चे को जन्म देने के अधिकार पर अहम टिप्पणी की है। न्यायमूर्ति रेवती मोहित डेरे और जस्टिस नीला गोखले की खंडपीठ ने महिला को अपनी पसंद के



निजी अस्पताल में गर्भपात की अनुमति दी है। हालांकि, अस्पताल को एक हलफनामा दाखिल कर अदालत को बताना होगा कि हॉस्पिटल में मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) अधिनियम के तहत सभी जरूरतें पूरी करने का इंतजाम है। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में महिलाओं को प्रजनन की स्वतंत्रता, शारीरिक स्वायत्तता और पसंद के अधिकार पर विशेष जोर दिया है। दो जजों की खंडपीठ के समक्ष जिस याचिका पर सुनवाई हुई, उसमें महिला ने भ्रूण की विसंगतियों के कारण गर्भपात की अनुमति मांगी थी। तथ्यों पर विचार के बाद कोर्ट ने 28 मार्च को पारित आदेश में कहा, याचिकाकर्ता के प्रजनन स्वतंत्रता के अधिकार, शरीर पर उसकी स्वायत्तता और उसकी पसंद के अधिकार को ध्यान में रखते हुए गर्भपात की अनुमति दी जा रही है। कोर्ट ने याचिकारत्ता की शारीरिक स्थिति को रेखांकित करते हुए कहा कि महिला चिकित्सकीय रूप से गर्भ गिरा सकती है।

## न्यूज इन शॉर्ट

### शबनम परवीन को मिली पीएचडी की उपाधि



उमरिया।अवधेश प्रताप सिंह द्वारा शबनम परवीन को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। इन्होंने अपना शोधकार्य लिम्नोलॉजिकल स्टडीज ऑफ उमरार डैम उमरिया म. प्र. विथ स्पेशल रेफरेंस टू फिश प्रोडक्टिविटी पर पूरा किया। यह शोधकार्य डॉ. मो. शमसुल हक सहायक अध्यापक एवं विभागाध्यक्ष गवर्नमेंट इंदिरा गाँधी होम साइंस गर्ल्स पीजी कॉलेज शहडोल के मार्ग दर्शन में पूरा किया। सफलता पर परिवार के सभी लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### पेयजल आपूर्ति करने वाले उमरार जलाशय मे चलाया गया साफ सफाई अभियान

उमरिया। प्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव के आह्वान पर शुरू किया गया जल गंगा संवर्धन अभियान लगातार गति पकड़ता जा रहा है। जिले के जन प्रतिनिधि, विधायक, नगरीय एवं ग्रामीण निकायों के प्रतिनिधियों एवं आमजन व्दारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर जल संरचनाओं के जीर्णोद्वार में आगे आ रहें हैं।
कलेक्टर धरणेन्द कुमार जैन की अगुवाई में जल संसाधन विभाग व्दारा उमरिया नगर को जल आपूर्ति करने वाले उमरार जलाशय के मेढ़ो की साफ सफाई का अभियान कार्यप्रणाली यंत्री सरोज सिंह व्दारा शुरू किया गया। इस दौरान जलाषय के आस पास उगी झाड़ियों की साफ सफाई की गई । उन्होने कहा कि यह अभियान अनवरत जारी रहेगा ।

### विद्यालय स्तर पर भविष्य से भेंट कार्यक्रम 2 अप्रैल को

उमरिया - कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि स्कूल चले हम अभियान के तहत विद्यालयो में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा । जिले के विद्यालयो में दिवसवार आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है । उन्होने बताया कि 2 अप्रैल को भविष्य से भेंट कार्यक्रम विद्यालय स्तर पर आयोजित किया जाएगा । उन्होने अधिकारियों से कहा है कि आवंटित स्कूल में उपस्थित रहकर विद्यालयों के बच्चो के साथ संवाद करें तथा प्रतिवेदन कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

### जिला स्तंरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आज

उमरिया । स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय प्रवेशोत्सव कार्यक्रम 1 अप्रैल को पीएम श्री शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कालरी में प्रातः11 बजे से बांधवगढ विधायक शिवनारायण सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया है ।

### विजिबिलिटी एंड यूज ऑफ ऑर्किड विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार संपन्न

उमरिया । शासकीय आदर्श महाविदयाल, उमरिया और पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, के संयुक्त तत्वावधान में एनहेसिंह रिसर्च विजिबिलिटी एंड यूज ऑफ ऑर्किड विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। वेबिनार में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों से शिक्षकों, शोधार्थियों एवं पुस्तकालय विज्ञान के विशेषज्ञों ने भाग लिया। वेबिनार के मुख्य वक्ता डॉ. मोहित गर्ग, असिस्टेंट लाइब्रेरियन, आईआईटी दिल्ली, ने प्रतिभागियों को ऑर्किड आईडी के महत्व, शोध प्रकाशनों की दृश्यता बढ़ाने के तरीके और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोधकर्ताओं की पहचान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सी. बी. सौंदिया, प्राचार्य शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया, वेबिनार का संचालन आदित्य कुमार राय, ग्रंथपाल ,धन्यवाद ज्ञापन डॉ नियाज अहमद अंसारी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान एवं कार्यक्रम संयोजन डॉ राजीव तिवारी अतिथि विद्वान भौतिक शास्त्र द्वारा किया गया ।

# बिरसिंहपुर पाली में चैत्र नवरात्र मेले का किया गया शुभारंभ



**विजय मत, उमरिया।**

चैत्र नवरात्र के अवसर पर बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी मंदिर में लगने वाले मेले का शुभारंभ जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल के मुख्य आतिथ्यल में संपन्न हुआ । मेला 30 अप्रैल तक चलेगा ।

मेला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधि आसुतोष अग्रवाल ने कहा कि यह मेला क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन के लिए प्रसिध्द है । जिसमें बडी संख्या में दूर दूर से श्रध्दालु गण आते है । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिथिलेश पयासी ने कहा कि मां विरासिनी मंदिर में उमरिया जिले सहित अन्य जिलों से श्रध्दालु बडी संख्या में आते है जो मां विरासिनी के दर्शन करने के पश्चात मेले का भी आनंद उठा सकेगे । इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शंकुतला प्रधान, उपाध्यक्ष राजेश पटेल, दीपक छत्तवानी, सरजू अग्रवाल, केसरी अग्रवाल, सुदामा विश्वकर्मा, पार्षद संजीव खंडेलवाल, उशा कोल, विमल अग्रवाल, कलिका प्रताप सिंह सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### घट किए गए स्थापित

नवरात्रि के प्रथम दिन से ही बिरसिंहपुर पाली स्थित मां विरासिनी धाम मंदिर में बडी संख्या में दर्षन करने श्रध्दालु पहुंच रहे है तथा कलषों की स्थापना करा रहे है । जानकारी अनुसार 30 मार्च को आजीवन ज्योति कलष 405 , ज्योति कलष तेल 180, ज्योति कलष घी 844,,ज्योति कलष तेल 760 तथा मनोकामना कलष 5456 स्थापित किए जा चुके है।




## जल गंगा संवर्धन अभियान, जलाशयों को पुनर्जीवित करने सुबह से जुटते है युवा टीम के सदस्य

### ग्राम पंचायत पिपरिया तालाब में स्वच्छता चलाकर जल संरक्षण में किया प्रयास

**विजय मत, उमरिया।**

जिले में जल गंगा संवर्धन अभियानष् के तहत जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन में ग्रामीण व शहरीय क्षेत्र में जल स्त्रोतों की रिपेयरिंग, सौंदर्यीकरण और गहरीकरण के लिए ग्रामीणजन श्रमदान कर रहे हैं। जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा सोमवार को जिले के विकासखंड मानपुर ग्राम पंचायत पिपरिया के तालाब में श्रमदान कर तालाब की साफ सफाई की।जल ही जीवन है, जल का संरक्षण, संवर्धन तथा प्रबंधन हम सबका दायित्व है। हमें हमारे पुरखों ने जो धरोहर उपहार में दी है, हम सबको भी अपनी अगली पीढ़ी को सौंपना हमारा दायित्व है।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्वता बताई जाकर ग्रामीणों को जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्यों में आगे आकर कार्य किये जाने का आव्हान किया गया। विधायक ने जल है तो कल है, इसको ध्यान में रखकर जल संवर्धन के कार्य व पर्यावरण हेतु अधिक से अधिक पौधा रोपण व उनकी पुर्नजीवितता सुनिश्चित करने की बात कही।

हिमांशु तिवारी ने बताया कि ष्जल गंगा संवर्धनष् अभियान के अंतर्गत युवा टीम लोगो एकजुट करके जितना हो सके जल का संरक्षण एवं संवर्धन प्रयास कर रही है।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत हम सभी अपनी भावी पीढ़ी को विशेष उपहार देंगे, जिससे उन्हें जल संकट का सामना न करना पड़ेगा। महसूस ना हो। उन्होंने कहा कि पेड़ और मनुष्य एक दूसरे के पूरक हैं। पेड़ों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं तथा बदले में हम उन्हें कार्बनडाई ऑक्साइड गैस देते हैं, जो पेड़-पौधे गृहण करते हैं। इस दौरान ग्राम पंचायत पिपरिया सरपंच राजू कोल,सचिव संतोष दुबे,पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी, पर्यावरण मित्र खुशी सेन, खुशबू बर्मन,महक सोनी,खुशी बर्मन, ग्रामीण वासी चेतराम नापित,रामचतीर नापित,पंच गौतम बुद्ध,हरिलाल कोल ,पुष्पेंद्र कोल,राजवीर कोल,पतंगिया कोल,सिया बाई , सौरव पांडेय व सभी पर्यावरण मित्र उपस्थित रहे।

# गर्भवती माताएं एवं नवजात शिशु के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म किया गया विकसित

**विजय मत, उमरिया।**

अनमोल आरसीएच पोर्टल लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा संचालित एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे गर्भवती महिलाओं नवजात शिशु की स्वास्थ्य सेवाओं को ट्रैक और प्रबंध करने के लिए विकसित किया गया है इसके साथ ही अनमोल पोर्ट आरसीएच पोर्टल पर दर्ज डाटा के आधार पर जननी सुरक्षा योजना और प्रस्तुति सहायता योजना के अंतर्गत सहायता राशि का समग्र आईडी से जुड़े आधार लिंक बैंक खाते में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण करना आसान होगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस बी चौधरी ने बताया कि विगत दिनों जिले के समस्त जिले एवं ब्लॉक से आए हुए मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य आवश्यक स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया । उन्होंने बताया कि डिजिटल आरसीएच पोर्टल के प्रमुख उद्देश्य गर्भवती माता तथा शिशुओं का पंजीकरण करना हाई रिस्क प्रेगनेंसी की पहचान करना प्रसव रिकॉर्ड संधारण जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसूति सहायता योजना को समग्र आईडी से जुड़े आधार लिंक बैंक खाते में लाभ अंतरण करना होगा।




आसान प्रसव देखभाल का रिकॉर्ड संधारण करना नवजात एवं शिशु देखभाल को ट्रैक करने में आसानी होगी । मूल्यांकन एवं अनुसरण अधिकारी श्रीमती प्रजीत कौर द्वारा प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित प्रतिभागियों को नए अनमोल पोर्टल 2.0 की विशेषताओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा कर बताया गया कि यह पोर्टल मोबाइल एप एवं वेबसाइट दोनों ही संस्करण में तैयार किया गया है । अनमोल एप्लीकेशन अथवा पोर्टल द्वारा किसी भी हितग्राही का पंजीयन केवल ऑनलाइन पद्धति से किया जा सकता है अन्य सेवाएं भी इसमें अपडेट की जा सकती है जैसे टीकाकरण सेवाएं एवं परिवार कल्याण संबंधित पंजीयन उन्होंने बताया कि गर्भवती माता को पंजीयन हेतु सामग्र आईडी पति पत्नी दोनों की होना अनिवार्य है । विवाह की स्थिति को समग्र पोर्टल पर अपडेट करने की जिम्मेदारी हितग्राही एवं परिवार की होगी गर्भवती माता को समग्र पोर्टल पर अपनी समग्र आईडी को पति के परिवार आईडी में सम्मिलित करना होगा उन्होंने बताया कि अनमोल अप वेबसाइट इ वित्तीय से लिंक होकर बैंक से वेरिफिकेशन कर बेनिफिशियरी के आधार लिंक खाते में हितग्राही मूलक राशि ट्रांसफर की जा सकेगी ।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ मुकुल तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को गर्भवती माता की एवं शिशु को आरसीएच पोर्टल में दर्ज करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए उन्होंने बताया कि एसएमएस गेटवे सुविधा अप के माध्यम से अधिकारी फील्ड कार्यकर्ताओं और लाभार्थियों को सूचनाओं दिशा निर्देश चेकअप तिथियां आदि के बारे में अलर्ट भेजने के लिए इनेबल्ड एसएमएस गेटवे की व्यवस्था पोर्टल द्वारा की गई है जिससे कि लाभार्थी समय-समय पर दर्ज मोबाइल नंबर पर अपनी सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकता है उक्त प्रशिक्षण में जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी एवं ब्लॉक स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित हुए।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खलेसर तलाब में किया गया श्रमदान



**विजय मत, उमरिया।**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित खलेसर तालाब में श्रमदान करके साफ सफाई की गई । इस अवसर पर नपा उमरिया उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव, पार्षद अशोक गौटिया, पार्षद नासीर अंसारी, पार्षद संजय पांडेय, पार्षद राजू कोल, पार्षद राजेंद्र कोल, मुकेश सिंह,मंगल सिंह नारायण दुबे, स्वच्छता निरीक्षक, देव कुमार गुप्ता उपयंत्री, अखिलेश सिंह, प्रशांत विश्वकर्मा, संतोष केवट, निशांत मिश्रा सहित जन समूह ने खलेसर तलाब में श्रमदान एवं सफाई की।

नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव ने कहा कि जल के बिना मानव का जीवन संभव नही है। जल की एक एक बूंद को सहेजने के लिए शासन के साथ साथ आम जनों को आगे आना होगा । मुख्य नगर पालिक अधिकारी किशन सिंह ठाकुर ने कहा कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है । अभियान के तहत तालाब, नदियों , बावडियों के आस पास सफाई संचालित की जाएगी । तालाब का सौदर्यीकरण किया जाएगा । देव कुमार गुप्ता उपयंत्री द्वारा बताया गया कि यह अभियान 30 जून तक निरंतर चालू रहेगा।

# इज्जत और एहतराम के साथ हज़ारों नमाज़ियों ने अदा की ईद की नमाज़

### कलेक्टर,एसपी ने जिले वासियों को दी बधाई

**विजय मत, उमरिया।**

इज्जत और एहतराम के साथ मुख्यालय स्थित ईदगाह में सोमवार की सुबह करीब 9.30 बजे ईदुल अदहा की नमाज़ अदा की गई।इस मौके पर मुख्यालय से सटे दर्जनों गांव के मुस्लिम भाई भी शरीक हुए और हजारों की तादात में मौलाना साकिर हलीमी साहब की इमामत में ईद की नमाज़ पढ़ी।नमाज़ के बाद अमन और मुल्क की बेहतरी की दुवाए की गई।इस मौके पर हाजी उस्मान मंसूरी,डॉ मंसूर अली,जामा मस्जिद सदर शेख आज़ाद,गौसिया मस्ज़िद सदर हाजी इदरीस खान,कब्रिस्तान कमेटी सदर हाजी शाहिद अली ने इस मुबारक मौके पर जिले वासियों को बधाई दी,और ईद के त्यौहार पर बेहतर व्यवस्था के लिए प्रशासन का आभार व्यक्त किया।ईद की नमाज़ मुख्यालय के अलावा जिले के बिरसिंहपुर,नोरोजाबाद,चंदिया,मानपुर,अमरपुर,मेढकी सहित कई जगहों पर अदा गई।इस मौके पर ईदगाह में कलेक्टर धरणेन्द्र जैन,पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने सभी मुस्लिम भाइयों,जिले वासियों को ईद की बधाई प्रेषित की।इनके अलावा अतिरिक्ता पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया,एसडीएम,एसडीओपी नागेंद्र प्रताप सिंह,थाना प्रभारी बालेन्द्र शर्मा,यातायात प्रभारी सीके तिवारी,तहसीलदार,सीएमओ किशन



सिंह ठाकुर, नपा उपाध्यक्ष अमृत लाल यादव,पार्षद अशोक गौंटिया, राजेन्द्र कोल,सतवंत सिंह,सोमचन्द वर्मा सहित गणमान्य नागरिक भी ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम भाइयों को ईद की शुभकामनाएं दी है।

इबादत के महीने रमज़ान के बाद चांद दिखने पर अदा की जाती है,मुस्लिम मान्यता है कि रमज़ान के 30 दिन इबादत में मशरूफ रहते हुए रोजे़ रखने के बाद ईद की नमाज़ तोहफा स्वरूप है,इस वजह से ईदुल-अदहा का त्यौहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है,इस दिन मुस्लिम भाई नए कपड़े पहनते है,और एक दूसरे के गले लगकर खुशी का इज़हार करते है।इस दिन बच्चों में खासा उत्साह दिखता है।इबादत के महीने रमज़ान के बाद मनाए जाने वाले ईद के इस त्यौहार में गरीबों का भी विशेष ख्याल रखा जाता है।

खास तौर से अपनी कमाई का एक बड़ा हिस्सा ज़कात फितरा के नाम से गरीबो को दिया जाता है,जिससे गरीब भी नए कपड़े पहने और ईद की खुशी में बराबरी से शामिल हो।ईद की नमाज़ से पहलेजकात अदा करना इस्लाम में बुनियादी इबादतों में से एक माना गया है।मुस्लिम भाइयों के लिए ईद का त्यौहार इस वजह से भी खास है कि इस्लामिक मान्यता के मुताबिक पवित्र माह रमजान में ही पहली बार पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब को पवित्र कुरान का ज्ञान प्राप्त हुआ था।

**सफलता** मगधी परिक्षेत्र में बने बाड़ा में कान्हा टाइगर रिजर्व से लाकर छोड़ा गया था,बाड़े में 10 बच्चे आए

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बारहसिंगा का बढ़ा कुनवा

**विजय मत, उमरिया।**

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में कान्हा टाइगर रिजर्व से लाए गए बारहसिंगाओ ने बच्चो को जन्म दिया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व बारहसिंगा समाप्त हो जाने के बाद टाइगर रिजर्व ने योजना बनाकर बारहसिंगा बसाने का प्रयास किया था। बच्चे आने के बाद प्रयास सफल होता हुआ दिखाई दे रहा है। बारहसिंगा को लाने के लिए अभी कार्य किया जा रहा है।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन ट्रिप में 45 बारहसिंगा लाए गये थे। बारहसिंगा की अंतिम खेप 13 फरवरी 2024 को 11 बारहसिंगा लाए गये। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाड़े में लगभग 26 मादा 22 नर बारह सिंगा है।



बारहसिंगाओ के बाड़ा में 10 बच्चे भी हैं। जिनका बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में जन्म हुआ है।बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में मगधी परिक्षेत्र में बाडा बनाया गया है। जिसका नाम बारहसिंगा होम है। यहां पर बारहसिंगा विचरण करते हैं। 50 हैक्टेयर के बाड़ा में 4 तालाब 1 स्टाप डैम है। जिनसे पानी की व्यवस्था की गई है। बाडा को बारहसिंगा के खाना पानी की व्यवस्था पूरी तरह से की गई है।पी के वर्मा उपसंचालक बीटीआर ने बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से बाघ सहित वन्य प्राणी रहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से बाड़ा में चारों तरफ सोलर फेंसिंग लगाई गई है। इतना ही बारहसिंगा के लिए अजगर भी एक चुनौती है। जिसको लेकर बाड़ा में फेसिंग के नीचे अजगर जाली लगाई गई है।

# ग्राम पंचायत पिपरिया तालाब में स्वच्छता चलाकर जल संरक्षण में किया प्रयास

**विजय मत, उमरिया।**

जिले में ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के तहत जल स्त्रोतों की साफ सफाई और सौंदर्यीकरण का कार्य लगातार जारी है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सीईओ अभय सिंह ओहरिया के मार्गदर्शन में ग्रामीण व शहरीय क्षेत्र में जल स्त्रोतों की रिपेयरिंग, सौंदर्यीकरण और गहरीकरण के लिए ग्रामीणजन श्रमदान कर रहे हैं।इस क्रम में जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा सोमवार को जिले के विकासखंड मानपुर ग्राम पंचायत पिपरिया के तालाब में श्रमदान कर तालाब की साफ सफाई की।जल ही जीवन है, जल का संरक्षण, संवर्धन तथा प्रबंधन हम सबका दायित्व है। हमें हमारे पुरखों ने जो धरोहर उपहार में दी है, हम सबको भी अपनी अगली पीढ़ी को सौंपना हमारा दायित्व है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जल गंगा संवर्धन अभियान की महत्वता बताई जाकर ग्रामीणों को जल संवर्धन एवं संरक्षण के कार्यों में आगे आकर कार्य किये जाने का आव्हान किया गया। विधायक ने जल है तो कल है, इसको ध्यान में रखकर जल संवर्धन के कार्य व पर्यावरण हेतु अधिक से अधिक पौधा रोपण व उनकी पुर्नजीवितता सुनिश्चित करने की बात कही। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने बताया कि ÷जल गंगा संवर्धन÷ अभियान के अंतर्गत युवा टीम लोगो एकजुट करके जितना हो सके जल का संरक्षण एवं संवर्धन प्रयास कर रही है।उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत हम सभी अपनी भावी पीढ़ी को विशेष उपहार देंगे, जिससे उन्हें जल संकट का सामना न करना पड़ेगा। महसूस ना हो। उन्होंने कहा कि पेड़ और मनुष्य एक दूसरे के पूरक हैं। पेड़ों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं तथा बदले में हम उन्हें कार्बनडाई ऑक्साइड गैस देते हैं।

### कब्जा करने वाली महिलाओं को पुलिस ने थाने में बिठाया

# कौशल्या माता विहार में आरडीए ने फिर अवैध कब्जा हटाया

विजयमत न्यूज।



रायपुर। रायपुर विकास प्राधिकरण पुनः कौशल्या माता विहार योजना (कमल विहार) के सेक्टर 3 में किए जा रहे अवैध कब्जा को आज जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की मदद से पुनः हटाया गया। रायपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर तीन दिन पहले कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। श्री कुमार ने तत्समय अधिकारियों को कहा था कि यह सुनिश्चत किया जाए कि भविष्य में भूमि में कोई कब्जा ना हो।प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद के अनुसार अफवाह के आधार पर किए जा रहे कब्जे में गोकुलनगर, बोरियाखुर्द, लालपुर और संतोषीनगर की महिलाओं ने बोरिया तालाब की खुली भूमि पर कब्जा कर रही थीं। वे बांस, बल्ली, चादर, बोरा, रस्सी और साड़ियां लगा कर जमीन का कब्जा करने और झोपडी. बनाने की कोशिश कर रही थी। कब्जा करने के दौरान आज कुछ ऐसे लोग भी देखे गए जो कारों में आए और कब्जा करने वालों को प्रोत्साहित करते दिखे। वहीं कब्जा करने वाली महिलाओं को शासकीय कार्य में बाधा को पहुंचाने के कारण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टिकरापारा थाने में ले गई ।

आज की इस कार्रवाई में जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार प्रकाश सोनी, नगर निगम के सहायक अभियंता योगेश यदु, उप अभियंता, रवि साहू, टिकरापारा थाने की पुलिस, प्राधिकरण की ओर अधीक्षण अभियंता एम.एस. पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता सुशील शर्मा, उप अभियंता कीर्ति केमरो, राकेश मनहरे शामिल थे।

### राज्यपाल डेका से आईएमए की नई कार्यकारिणी के सदस्यों ने सौजन्य भेंट की



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से आज राजभवन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी एवं कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि आईएमए द्वारा सिकलसेल के हाईरिस्क वाले मरीजों के चिन्हांकन, आदिवासी समुदाय में हृदय एवं लीवर से संबंधित बीमारियों पर शोध एवं उचित इलाज की योजना बनाई गई है। इसके लिए आईएमए आवश्यक चिकित्सा संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। राज्यपाल श्री डेका ने उनकी योजना की सराहना की और कहा कि वे इन कार्यों के लिए हर संभव मदद करेंगे। रायपुर में प्रस्तावित आईएमए टॉवर के भूमिपूजन कार्यक्रम में आईएमए के अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल को आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर आईएमए के पदाधिकारी डॉ. संजीव श्रीवास्तव, डॉ. सुरेंद्र शुक्ला व डॉ. केतन शाह भी उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रोफेसर कालोनी में लावारिश बैग मिलने से फैली सनसनी



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के प्रोफेसर कॉलोनी में एक लावारिस बैग मिलने से सनसनी फैल गई. बैग की तलाशी लेने पर उसमें जापानी महिला का पासपोर्ट, वीजा, 20 दिसंबर 2024 का टोक्यो से दिल्ली का एयर टिकट, भारत के विभिन्न शहरों की हवाई टिकटें, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद हुए.वहीं इस बैग के मिलने से पुलिस के सामने अब कई सवाल खड़े हो गए हैं. यह बैग किसका है? क्या यह किसी विदेशी पर्यटक का खोया हुआ सामान है? या फिर किसी आपराधिक घटना से इसका कोई संबंध है? ऐसे कई सवालों के जवाब अब ढूंढने होंगे. फिलहाल, पुरानी बस्ती थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि बैग का असली मालिक कौन है और यह रायपुर में कैसे पहुंचा.

### नवसंवत्सर पर दूधाधारी मठ में की गई पूजा अर्चना



रायपुर। राजधानी रायपुर स्थित श्री दूधाधारी मठ में नवसंवत्सर के अवसर पर विधिवत पूजा अर्चना की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 8:30 बजे पूजा अर्चना का क्रम प्रारंभ हुआ, महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने पुजारीयों, विद्यार्थियों तथा मठ मंदिर के अधिकारीयों, कर्मचारियों सहित श्री स्वामी बालाजी मंदिर परिसर में श्री रामचरितमानस की स्थापना कर-के विधिवत पूजा अर्चना संपन्न किया।उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सनातन धर्म में चार नवरात्रि मनाने की परंपरा है। जिनमें से दो प्रत्यक्ष एवं दो गुप्त नवरात्रि हैं। श्री दूधाधारी मठ की जब से स्थापना हुई है तब से लेकर आज पर्यंत यहां नवरात्रि का पर्व बहुत ही श्रद्धा भक्ति पूर्वक मनाया जाता है। आज भी इसी तारतम्य में श्री रामचरितमानस की विधिवत पूजा अर्चना की गई है। पठन-पाठन के पश्चात इसका नवान्ह परायण प्रारंभ हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करते हुए राज्य तथा देशवासियों को शुभकामनाओं सहित बधाई दी है। उपस्थित श्रद्धालु भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

### बलौदाबाजार का नाम बदलकर किया जाएगा गुरुघासीदास धाम जिला

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने बलौदाबाजार जिले का नाम बदलने का फैसला लिया है। अब यह जिला संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के नाम पर गुरु घासीदास धाम कहलाएगा। इसके साथ ही, इसे राष्ट्रीय तीर्थस्थल भी घोषित किया जाएगा। अपर कलेक्टर को जारी आदेश में अधिकारियों से इस फैसले पर स्पष्ट राय देने को कहा गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बलौदाबाजार जिले का नाम बदलने का फैसला लिया है। अब यह जिला संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के नाम पर गुरु घासीदास धाम कहलाएगा। इसके साथ ही, इसे राष्ट्रीय तीर्थस्थल भी घोषित किया जाएगा। अपर कलेक्टर को जारी आदेश में अधिकारियों से इस फैसले पर स्पष्ट राय देने को कहा गया है।प्रशासन से जल्द से जल्द आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। गौरतलब है कि गुरु घासीदास जी छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संत थे, जिन्होंने समाज में समानता और सत्य के सिद्धांतों को प्रचारित किया था। उनके अनुयायी इस फैसले को एक बड़ी उपलब्धि मान रहे है।

## छत्तीसगढ़ कॉलेज के लिए सांसद बृजमोहन की महत्वपूर्ण घोषणाएं ?

विजयमत न्यूज।



रायपुर। उच्च शिक्षा में शोध का अत्यधिक महत्व है क्योंकि यह न केवल ज्ञान के विस्तार में सहायक होता है, बल्कि समाज, उद्योग और विज्ञान में नवाचार को भी बढ़ावा देता है। शोध से प्राप्त निष्कर्ष नए सिद्धांतों, तकनीकों और समाधानों के विकास में मदद करते हैं, जिससे न केवल शिक्षाविद बल्कि आम जनता भी लाभान्वित होती है। यह कहना है सांसद बृजमोहन अग्रवाल का जो शनिवार को शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि थे। उन्होंने इस अवसर उत्कृष्ट शोध, शिक्षा, शिक्षण, खेल एवं एनसीसी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों और शिक्षकों को सम्मानित किया। अग्रवाल ने सम्मानित प्रतिभाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जो लोग किसी भी क्षेत्र में अच्छा कार्य करते हैं। उनका सम्मान करने से समाज को प्रेरणा मिलती है। दूसरे लोग भी अपना बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करते है। उन्होंने कहा कि, आज की शिक्षा प्रणाली पहले से काफी बदल गई है। अब मात्र परसेंटेज ही नहीं, बल्कि ज्ञान और कौशल अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। प्रतियोगी परीक्षाओं में वही विद्यार्थी सफल होते हैं, जो ज्ञान और मेहनत को प्राथमिकता देते हैं। इतिहास गवाह है कि कई क्अर, क्ढर अधिकारी साधारण अंक प्राप्त करने के बावजूद कठिन परिश्रम से उच्च पदों पर पहुंचे हैं।

सांसद अग्रवाल ने उच्च शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन प्राप्त करने और रुचि के अनुरूप विषयों का चयन करने की सलाह दी। उन्होंने विशेष रूप से शोध कार्यों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। बृजमोहन ने इस अवसर पर महाविद्यालय के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। - अतिरिक्त हॉल निर्माण हेतु सांसद निधि से ?10 लाख और विधायक निधि से ?10 लाख की स्वीकृति। - वर्तमान हॉल को वातानुकूलित करने के लिए विधायक निधि 5 लाख की सहायता।

## पॉवर कंपनी से ए.के.धर, जयेश बोन्डे एवं डी.एस.भगत की भावभीनी विदाई

विजयमत न्यूज।



रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज से तीन उच्च अधिकारी सहित 10 कर्मचारियों को कंपनी प्रबंधन द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों में कार्यपालक निदेशक एस.एंड पी. (डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी) अंजन कुमार धर, कार्यपालक निदेशक (सिविल) उत्पादन जयेश बोन्डे एवं मुख्य अभियंता (प्रशिक्षण) श्री धरम साय भगत को सेवाभवन में पॉवर कंपनी के अध्यक्ष डॉ. रोहित यादव तथा प्रबंध निदेशकगण द्वारा सम्मानित कर विदाई दी गई।इस अवसर पर अध्यक्ष यादव ने अधिकारियों की कार्यशैली की प्रशंसा की एवं उनके योगदान को पॉवर कंपनी के हित में बताया। उन्होंने कहा कि तीनों सेवानिवृत हो रहे अधिकारियों की विदाई से कंपनी में अनुभवी कर्मियों की कमी महसूस होती है। अधिकारीगण सेवा में रहते हुए भी अपने ज्ञान व तकनीकी कौशल को बढ़ाते रहे हैं जिससे कंपनी को समय-समय पर लाभ मिलता रहा है।

कार्यक्रम में एमडी (जनरेशन) एस.के.कटियार, एमडी (टांसमिशन) आर.के. शुक्ला, एमडी (डिस्ट्रीब्यूशन) भीम सिंह कंवर ने भी सेवानिवृत्त अधिकारियों की सुखद भविष्य और अच्छे स्वास्थ्य की कामना कीइस अवसर पर कार्यपालक निदेशक केएस मनोठिया, एमएस चौहान, संजय पटेल आर.ए.पाठक, श्रीमती ज्योति नंनौरे, सी.एल.नेताम, संदीप वर्मा, गिरीश गुप्ता,वीके दीक्षित, मुख्य अभियंता एएम परियल, श्रीमती शारदा सोनवानी, केबी पात्रे, वाई.बी.जैन, सुभाष शर्मा, हेमंत सिंह, एस.के.गजपाल, एम.जामुलकर उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री उमेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

## साहू समाज से ज्यादा उडिया समुदाय के लोग रहते हैं छत्तीसगढ़ में: पुरंदर

### उत्कल गौरव डॉ. मधु बाबु के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर मनाया जाएगा उत्कल दिवस

विजयमत न्यूज।



राजधानी रायपुर के मधुसुदन चौक में 1 अप्रैल को उत्कल दिवस के अवसर पर उत्कल गौरव डॉ. मधु बाबु के प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, मोतिलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर मीनल चौबे, नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी व पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।पत्रकारों से चर्चा करते हुए उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा ने बताया कि उड़ीसा प्रान्त को 01 अप्रैल 1936 में पृथक राज्य के रूप में मान्यता मिली। तब आज के छत्तीसगढ़ का एक बड़ा भू-भाग उड़ीसा से पृथक हो गया और ये उडिया भाषा-भाषा के लोग जिसमें विभिन्न जाति के लोगों का समावेश है छत्तीसगढ़ में ही रह गए और आज की स्थिति में पूरे छत्तीसगढ़ में उडिया समुदाय की बात करें तो इनकी कुल जनसंख्या 35 लाख से भी ज्यादा है, जो राज्य की सबसे बड़ी ओबीसी जाति साहू, जिसकी संख्या 30,05,661 है से भी ज्यादा है। इस तरह इन उत्कल वासियों की राजनीतिक महत्ता को भी स्थापित करने की जरूरत थी। हालांकि इसकी शुरूआत 90 के दशक से ही शुरू हो गई थी और छत्तीसगढ़ में पहली बार 1994 में 01 अप्रैल को उत्कल दिवस मनाया गया। तब पुरन्दर मिश्रा महज 30-32 साल के थे और इन्कम टैक्स की प्रैक्टिस किया करते थे। यहीं से उन्होंने उडिया समाज के लोगों को एक जुट करने का प्रयास किया।

नतीजन आज वे उसी समाज का प्रतिनिधित्व करते प्रदेश की राजधानी उत्तर विधानसभा से विधायक हैं।

## महासमुंद जिले के मतदान स्थल/ मतगणना तिथि में परिवर्तन

विजयमत न्यूज।



रायपुर। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चुनाव प्रक्रिया के तहत मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली द्वारा आवश्यक बैठक बुलाई गई। बैठक में सरगुजा महासमुंद एवं रायगढ़ में होने वाले चुनावी प्रक्रिया को लेकर आवश्यक निर्णय लिए गए जिसके तहत सरगुजा जिले में 14 अप्रैल, महासमुंद एवं रायगढ़ जिले में 16 अप्रैल को चुनावी प्रक्रिया संपन्न होगी। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली, निर्वाचन अधिकारी प्रकाश गोलछा, रमेश गांधी, बालकृष्ण दानी, के. सी. महेश्वरी, महावीर तालेड़ा, अनिल जैन(कुचेरिया), संजय देशमुख, संजय जोशी, अमित वर्मा, मनोज शर्मा, मुख्य निर्वाचन नियंत्रक एच.एस.कर, एवं चेम्बर चुनाव कार्यालय प्रभारी एस.एम.रावते प्रमुख रूप से उपस्थित थे।पूर्व निर्धारित प्रक्रिया के तहत महासमुंद जिले के मतदाताओं का मतदान स्थल जो की रायपुर था उसे परिवर्तित करके महासमुंद में ही 16 अप्रैल, समय 10 बजे से 4 बजे तक रखा गया है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने यह बताया कि पूर्व में चुनावी प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात मतगणना की तिथि 6 एवं 7 मई निर्धारित की गई थी। चूंकि जिला उपाध्यक्ष एवं जिला मंत्री पद हेतु अधिकतर जिलों से केवल एक-एक प्रत्याशियों के ही नाम आए हैं जिसके कारण निर्विरोध निर्वाचन की स्थिति बन रही है। मतगणना की तिथि में बदलाव करते हुए 18 अप्रैल, समय प्रातः 10 बजे से, दिन शुक्रवार को चेंबर भवन में कराने का निर्णय लिया गया है।मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिवराज भंसाली ने स्पष्ट किया है कि चूंकि 3 जिलों में मतदान होना बाकी है अतः मतदान और मतगणना संपन्न होने तक आचार संहिता लागू है एवं जिन पदों पर केवल एक एक प्रत्याशी है वे सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना उपरांत प्रमाण पत्र जारी किए जाने तक अभी भी प्रत्याशी ही हैं, और स्वयं को निर्विरोध निर्वाचितलिखकर प्रचार प्रसार न करें। अन्यथा आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### सीआरपीएफ के जवान पुल पर मोर्चा लगाकर दे रहे हैं सुरक्षा

## तीसरा पुल बनने से अबूझमाड़ को बड़ा फायदा.बारहमासी आवागमन की सुविधा होगी

विजयमत न्यूज।



रायपुर। कभी नक्सलियों के अभेद किला जाने वाले अबूझमाड़ अब उनके के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है, यहां भी जवानों के द्वारा लगातार ऑपरेशन चलाकर बड़ी सफलताएं हासिल की जा रही हैं। पहुंचविहीन माड़ तक अब बारिश में भी आवाजाही हो सकेगी, माड़ तक जाने वाले रास्ते में सबसे बड़ी बाधा अब तक इंद्रावती नदी ही रही है, चाहे दंतेवाड़ा की तरफ से या बीजापुर की तरफ से, दंतेवाड़ा में इंद्रावती में पहले ही दो पुल बनकर तैयार हो गए हैं, एक छिंदनार में और दूसरा करका घाट में, जिससे अबूझमाड़ के 50 से अधिक गांव के लोगों को सुविधा मिल रही है।

उसी इंद्रावती में अब तीसरा पुल फुंड़री के पास बन रहा है, इस पुल का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है 20 प्रतिशत बचा हुआ काम भी बारिश तक पूरी हो जाएगी। इस पुल के शुरू होने से 12 ग्राम पंचायत के 50 से अधिक गांव के लोग बीजापुर जाने वाली नेशनल हाइवे 63 से सीधे जुड़ जाएंगे। जिस माड़ तक अभी तक पहुंचना आसान नहीं था वह अब सीधे नेशनल हाइवे से जुड़ जाएगा।

648 मीटर लंबा बन रहा है उच्च,24 घंटे माड़ पर जवान रख रहे नजर

इस पुल को बनाने के लिए सीआरपीएफ का कैंप इंद्रावती नदी के किनारे लगाया गया है, जवान 24 घंटे माड़ से होने वाली हर गतिविधियों को नाकाम कर पुल तैयार करवा रहे हैं। पुल के ऊपर ही जवानों ने मोर्चा बना रखा है और बैरियर में हर आने-जाने वालों से पूछताछ होती है।यह उच्च स्तरीय पुल फुंडरी में इंद्रावती नदी पर 35 करोड़ 60 लाख की लागत से 648 मीटर लंबा पुल बन रहा है, वहीं 208 मीटर नेशनल हाइवे और 242 मीटर बांगोली की तरफ एप्रोच सड़क भी तैयार की जा रही।

पुल बनते ही अबूझमाड़ का तीसरा द्वार शुरू हो जाएगा जवानों की भी अबूझमाड़ में दस्तक बढ़ जाएगी, अभी बारिश में यहां नक्सली ट्रेनिग कैंप चलाते है।

बारिश भर इंद्रावती उफान पर रहती है, नक्सली यहां बारिश के 4 महीने स्वतंत्र होकर अपनी गतिविधियां चलाते थे, अब उस पर भी अंकुश लग जाएगा।

उल्लेखनीय है कि 2018 में सुरक्षा के बीच इस पुल का काम शुरू हुआ था, नक्सलियों द्वारा पुल निर्माण में बाधा डालने प्रेशर आईईडी लगा जवानों को नुकसान पहुंचाने यहां हमेशा प्रयास करते हैं।

### सूने मकान से नकदी सहित हजारों रुपए के सामान पार

रायपुर। दंतेश्वरी मंदिर के पास भाठागांव स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 3 हजार सहित टीवी पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सैलेन्द्र कुमार बेनर्जी 30 वर्ष दंतेश्वरी मंदिर के पास भाठागांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 3 हजार रुपए और 1 नग टीवी पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 13 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

प्रार्थी की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# चोर का धन चांडाल खाए, पापी मुंह देखता रह जाए

बहुत पुरानी कहावत है चोर का धन चांडाल खाए पापी मुंह देखता रह जाए यह कहावत पीढ़ी दर पीढ़ी सुनाई जाती है। यह कहावत वर्तमान युग में भी ज्यादा सटीक बैठती है। वर्तमान समय में चोर, सूदखोर, लालची और अनैतिक ढंग से पाप का पैसा कमाने वाले लोगों की संख्या बड़ी तेजी के साथ बढ़ी है। पाप की कमाई का धन वह स्वयं तो नहीं खा पाते हैं। उस धन का उपयोग चांडाल के भाग्य और ऐसो-आराम में होता हैं। जिसका धन होता है, वह डर और भय के मारे उसका उपयोग ही नहीं कर पाता है। वह जिसके पास और जहां धन रखता है। वह उसी का होकर रह जाता है। आज यह संपादकीय लिखने का मन इसलिए हुआ। दुबई से संचालित फॉरेक्स ट्रेडिंग कंपनियों में लाखों भारतीयों ने अपने काले धन को निवेश किया है। ब्याज और ज्यादा कमाई के लालच में अपनी पाप की कमाई को भारतीय, ऐसी कंपनियों में निवेश कर रहे हैं। जो ज्यादा ब्याज और मुनाफा देने का लालच देती हैं। महत्वपूर्ण पदों पर बैठे हुए लोग अनैतिक रूप से भारी कमाई करते हैं। उस कमाई को छिपाने के लिए वह अपने रिश्तेदारों, दोस्तों और बेनामी लोगों के नाम पर संपत्ति खरीद लेते हैं। ज्यादा कमाई और ब्याज के लालच में सूदखोरों के पास जमा करा देते हैं। कमाई के चक्कर में वह अपने अर्जित धन को स्वयं के उपर खर्च भी नहीं कर पाते हैं। चोर को हमेशा भय रहता है, चोरी का माल उसने खर्च किया, तो वह पकड़ लिया जाएगा। रिश्वतखोरों को डर रहता है, कि यदि उसने अपनी कमाई से ज्यादा खर्च किया, तो वह पकड़ा जाएगा। सूदखोर अपने धन का उपयोग इसलिए नहीं कर पाता है। उसे हमेशा लगा रहता है, यदि यह पैसा ब्याज में चला देंगे, तो इतनी कमाई होगी। करोड़ों रुपए कमाने वाला सूदखोर भी अपने और अपने परिवार के ऊपर धन को खर्च नहीं कर पाता है। कुछ ऐसी ही स्थिति बड़े-बड़े उच्च पदों और सरकारी पदों पर बैठे हुए लोगों की होती है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

समाज में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है? महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े किये। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायी। माँ,बाप,भाई, दोस्त,पार्टनर को मारने की खबरें आम हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। अपराध और नैतिक पतन की ये घटनाएँ यह दर्शाती हैं कि कहीं न कहीं हमारी सामाजिक संरचना, पारिवारिक मूल्य और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर संकट है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज़्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें ज़रूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना ज़रूरी है—परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मज़बूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त क़दम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं।



> आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नज़र डालते हैं, तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की ख़बरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं।

यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है।

समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की क़ीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था। लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे ग़लत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे चरम क़दम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और ग़लत का फ़र्क़ कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है।

समाज में जो घटनाएँ हो रही हैं, उन्हें देखकर यही लगता है कि हम घोर कलयुग के दौर में प्रवेश कर चुके हैं। जहाँ पहले रिश्ते, प्रेम, सम्मान और नैतिकता को महत्त्व दिया जाता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच, क्रोध और हिंसा हावी होते जा रहे हैं। समाज में बढ़ते अपराधों को देखकर ऐसा लगता है कि इंसानियत, सहनशीलता और प्रेम धीरे-धीरे ख़त्म होते जा रहे हैं। लेकिन अगर परिवार, समाज और सरकार मिलकर सही क़दम उठाएँ, तो इस गिरावट को रोका जा सकता है। पारिवारिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने के लिए माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए, उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और सही-गलत का फ़र्क़ समझाना चाहिए। तनाव, अवसाद और गुस्से से जुड़ी समस्याओं को नज़रअंदाज न किया जाए। ज़रूरत हो तो थेरेपी और काउंसलिंग को अपनाया जाए। अपराधियों को कड़ी सजा मिले और कानूनी प्रक्रिया तेज़ हो, ताकि अपराधियों में डर बना रहे। सकारात्मक कहानियों और नैतिकता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज में अच्छे मूल्यों की प्रेरणा मिले। स्कूलों में नैतिक शिक्षा, सहानुभूति और सामाजिक मूल्यों पर ज़ोर दिया जाए। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हम सबको अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। यह केवल सरकार या कानून का काम नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर बदलाव लाने की ज़रूरत है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

# कर्म करें, सब कुछ प्रभु पर छोड़ दें

**संजय गोस्वामी**

अपने व्यक्तिगत जीवन में कौन क्या कर रहा है, क्या खाता है, कैसे रहता है, इससे आपका संबंध ही क्या ? आप क्यों परेशान हो रहे हैं और क्यों इसकी चर्चा कर रहे हैं ? यदि समाजिक अन्याय हो, केवल तब ही आपको बोलना चाहिए।यथासंभव किसी की बुराई की चर्चा न करो, न बुराई देखो, न बुराई सुनो। किसीकी बुराई में रुचि लेने से हमारे मन पर बुरे संस्कार पड़ जाते हैं, हमारे भीतर भी बुराई आ जाती है। हाँ, स्वस्थ आलोचना जो सद्भावना प्रेरित हो और मधुरता से ओतप्रोत हो, हितकर होती है। संसार में अधिकांश लोग अपने-अपने स्वार्थों में फँसे हुए हैं तथा जहाँ भी किसी का कोई स्वार्थ टकराता है, वह आपकी व्यर्थ निन्दा शुरु कर देता है। मनुष्य किस-किस क्षेत्र में कहाँ तक हटे ? कभी-कभी संघर्ष करना जरूरी हो जाता है। संघर्ष से व्यक्तित्व निखरता है और प्रभाव बढ़ता है। संघर्ष में साथी और विरोधी भी परिस्थिति के अनुसार बदलते रहते हैं। जो कल विरोधी था, वह आज साथी हो सकता है और जो कल साथी था, वह आज विरोधी हो सकता है। केवल मित्रता स्थायी होती है, किंतु मित्र तो जीवन में एक-दो ही होते हैं। उदारताजन्य सद्भावना सबके लिए होनी चाहिए, यद्यपि मित्रता तो एक-दो से ही हो सकती है। उदारता अथवा सद्भावना का अर्थ तुष्टीकरण कदापि नहीं होता है। संघर्ष में अपराध-वृत्तिवाले (क्रिमिनल) दुष्टों का सहारा लेकर विजय पाने पर भी आपको एक दिन पराजय का मुँह देखना पड़ेगा; क्योंकि वे अंत में आपको भी शिकार बनाये बिना न रह सकेंगे। संघर्ष में यह स्मरण रखना उचित है कि किसी व्यक्ति के प्रति मन में घृणा और क्रोध नहीं बसा लेना चाहिए तथा घृणा और क्रोध से प्रेरित होने के बजाय न्याय एवं सत्य से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम समाज-हित में, न्याय के समर्थन में, संघर्ष करें तथा दुष्ट को दण्ड दें, किंतु घृणा अथवा बदले की भावना से किसी को नष्ट करने के लिए उतारु न हो जाएँ। ईश्वर जिसे आयु और आजीविका प्रदान करता है, हमें मूर्खतावश उसके साथ एक क्षणभर में ही उकताहट हो जाती है। जिसे प्रभु जीवन का अवसर दे रहा है, हमें उससे घृणा करने का अधिकार नहीं है। विरोध एवं संघर्ष करते हुए भी हम इंसानिय न खो बैठे तथा संघर्ष एवं विरोध का दायरा सीमित ही रखें। धीरे-धीरे जब मनुष्य विचार-क्षेत्र में ऊँचे स्तर पर आ जाता है, तब वह जीवन में अधिक उदात्त होकर तथा अधिक ऊँची वस्तुओं में रुचि लेकर तुच्छ प्रकार के संघर्ष करना छोड़ देता है तथा अधिक उपयोगी दिशा में संघर्ष करना प्रारंभ कर देता है। यह पलायान नहीं, बुद्धिमता होती है, जीवन में स्वस्थ मोड़ होता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार

# सादा जीवन उच्च विचार, भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

कुदरत द्वारा रचित सृष्टि की 84 लाख़ योनियों में सबसे अनमोल बौद्धिक क्षमता का अभूतपूर्व ख़जाना धारे मानवीय योनिं नें सृष्टि में अभूतपूर्व बौद्धिक क्षमता का प्रयोग कर इस सृष्टि को कहां से कहां पहुंचा दिया है। सूर्य, चंद्रमा, अग्नि, बारिश जैसे प्राकृतिक और कुदरती रचनाओं को भी आर्टिफिशियल बना दिया है,इतना ही नहीं एक आर्टिफिशियल रोबोट मानव भी बना दिया है बस अब एक कमीं रह गई है जो मानवीय मृत शरीर में जान फुकना और आर्टिफिशियल प्राकृतिक बच्चे प्रौद्योगिकी की तकनीकी पर बनाकर उसमें जान फूककर जन्म देना रह गया है, जो मेरा मानना है कि मानवीय जीव यह कभी नहीं कर सकेगा।धन, माया, नाम शोहरत की खातिर मानव ने अपने चोबीस घंटे उसमें लगा दिए हैं जिसमें अपने जीवन को भारी तनावग्रस्त के समंदर में झोंक दिया है परंतु संतुष्टि फिर भी नहीं मिलेगी क्योंकि यह मार्ग ऐसा है कि इस पथ पर फिसलता ही चला जाता है और अंतिम लम्हों में सादा और सहज जीवन जीने की याद आती है तबतक सब कुछ निकल चुका होता है। साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो यह सहज सरल जीवन की कुंजी है। सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता, चेतना आती है। दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं। मानव में दयालुता, सुविचार, मानवता, नम्रता झलकती है ऐसे मानवके समीप विक्कार जैसे द्वेष, अभिमान अहम, अहंकार जैसे अनेक विकारों को भी आने से डर लगता है क्योंकि यह रेखांकित करने वाली बात है कि जहां सादा जीवन रहेगा वहीं उच्च विचारों, गुणवत्ता, चेतना, संतुष्टि का निवास हो जाता है और जीवन सहज, सरलता खुशियों से लबालब हो जाता है।



> साथियों बात अगर हम मानवीय जीव की अभूतपूर्व प्रगति की करें तो इस विचारधारा ने अनेक सुख सुविधाओं के साथ दुख, तकलीफों को भी जन्म दिया है जिसका जीता जागता उदाहरण है वर्तमान जलवायु परिवर्तन से होने वाली विनाशकारी तबाही, जिसके पीड़ित मानव के हृदय में यही बात आती है कि हमने प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया है अब प्रकृति हमारे साथ खिलवाड़ कर रही है,और मानसिक विचारधारा सादा जीवन उच्च विचार की ओर लौटने की सोच को रेखांकित करती है।

साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार के अर्थ को समझने की करें तो,सादा जीवन का अर्थहै अपनी सीमित आवश्यकताओं के अनुसार, न कि अपने असीमित लालच के अनुसार। सारा तनाव और तनाव इस सूत्र का पालन न करने का परिणाम है।आध्यात्मिक जीवन सादा जीवन उच्च विचार के अलावा और कुछ नहीं है। भगवत गीता कहती है कि सादा जीवन और उच्च विचार ही आर्थिक समस्याओं का समाधान है। जो व्यक्ति सादा जीवन जीने में विश्वास रखता है, वह न तो अपने लिए और न ही दूसरों के लिए समस्याएँ खड़ी करता है। जो व्यक्ति उच्च विचारों में लीन रहता है, वह वास्तव में निस्वार्थ व्यक्ति बन जाता है। साथियों बात अगर हम सहज, सरल जीवन की करें तो बड़े - बुजुर्गों के मुंह से सुनते आए हैं- जीवन में शांति ज़रूरी है और शांति से रहना अपने हाथ में है। शांति तभी मिल सकती है, जब जीवन सरल हो। कन्फ्यूशियस का कथन है- जीवन बेहद सरल है लेकिन हम उसे जटिल बनाने पर आमादा रहते हैं। भारतीय संस्कृति में तो वैसे भी हमेशा से सादा जीवन उच्च विचारों को अहमियत दी गई है। यूं भी कोई अस्त-व्यस्त, भ्रमित, दुविधाग्रस्त और दबाव में नहीं रहना चाहता। भीड़ चाहे लोगों की हो या वस्तुओं की, इच्छाओं की हो या अपेक्षाओं की, व्यक्ति की एकाग्रता को भंग करती है और उसे जीवन के अधिक महत्वपूर्ण कार्यों के प्रति उदासीन बनाती है। भीड़ में खुद को गुम होने से बचाने का प्रयास ही सहज-सरल जीवन की कुंजी है।

साथियों बात अगर हम सादगी की करें तो, सादगी का सबसे बड़ा लाभ यह है कि व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता आती है। जैसे ही उसके भीतर यह चेतना आती है कि जीवन में क्या और क्यों महत्वपूर्ण है, वह इच्छाओं का सही प्रबंधन करने लगता है। इससे दुविधाएं कम होती हैं और दृष्टिकोण में स्पष्टता आती है। समय-समय पर अपनी जरूरतों और इच्छाओं का आकलन करना जरूरी है। कई बार ऐसा भी होता है कि जिस चीज से आज सुविधा महसूस होती है, वही भविष्य में असुविधा का कारण बन जाती है। हो सकता है, बड़ा घर लेना आज किसी की ख्वाहिश हो मगर उम्र बढने के साथ यही घर असुविधाजनक हो सकता है क्योंकि वह इसका रखरखाव अच्छी तरह करने में असमर्थ होता है। साथियों बात अगर हम सादा जीवन उच्च विचार की करें तो, यह कहावत हमें सिखाती है कि हम अपने जीवन को और भी मूल्यवान बना सकते हैं सिर्फ व्यर्थ के धन और सामान आदि चीजों को नजरंदाज करके। ये हमें सच्ची खुशी और आतंरिक संतुष्टि प्रदान करता है।ये यह भी बताता है कि सच्ची खुशी हमारे विचारों में ही होती है ना कि किसी और चीजों में। ये हमें प्रेरित करती है कि हम अपनी जड़ों को पहचाने और किसी भी तरह के समृद्धि पाने वाले कार्य को नजर अंदाज करें। जीवन का सही मूल्य हमारे भौतिकवादी अधिग्रहण में नहीं है, बल्कि यह वह है जिसमें हम सोचते हैं, करते हैं, और प्रतिदिन हम कितने जीवन को छूते हैं।सादा जीवन उच्च विचार यह कहावत हमें इस बात के लिए प्रोत्साहित करती है कि हम अपने जीवन को समृद्ध के बजाय अधिक सार्थक बनायें। यहाँ जीने के साधारण तरीके से मतलब है जीवन जीने का एक सरल और गैर-महंगा मानक। हमें केवल सिर्फ उन चीजों के लिए ही चिंता करनी चाहिए जो हमारे जीवन के लिए बेहद आवश्यक है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सादा जीवन उच्च विचार भारतीय संस्कृति की हमेशा से ही नींव रही है।सादा जीवन उच्च विचार सहज सरल जीवन की कुंजी है।सादगी से व्यक्ति के कार्यों में गुणवत्ता,चेतना आती है।दृष्टिकोण में स्पष्टता, इच्छाओं का सही प्रबंधन कर संतुष्टि से खुशियों के द्वार खुलते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार

## शब्द पहेली - 8323

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | | 4 | 5 | | 6 |
| | | 7 | | 8 | | | | |
| 9 | 10 | | | | | | 11 | |
| | | | 12 | | 13 | | | |
| 14 | | | | | 15 | | | |
| | | | 16 | 17 | | | | |
| 18 | | | | | | | 19 | 20 |
| | | 21 | 22 | | 23 | 24 | | |
| 25 | | | | | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. आदत, स्वभाव-4
4. सुरक्षित-4
7. जरुरतमंद-5
9. भीगा हुआ-2
11. मक्का-मदीना की यात्रा-2
12. सोना, धतुरा-3
14. धक्का देना-4
15. खानाबदोश, बंजारा-4
16. अंधेरा, अंधकार-3
18. खामी, बुरी आदत-2
19. ईसाई साध्वी-2
21. नायक का विलोम-5
25. करिश्मा, करामात-4
26. महीन व मंहगे कपड़े का एक प्रकार -4

**ऊपर से नीचे**

1. अंग्रेज, विदेशी-3
2. लीन, मगन-2
3. पैंदा, तला-2
4. रिश्तेदार-2
5. थूक, लेस-2
6. तहजीब, सलीका-3
8. देह, काया-3
10. टोने-टोटकों वाली किताब-5
11. स्वदेशवासी -5
12. कपड़े की दीवार-3
13. अनुमान, आकलन-3
17. राजी करना-3
18. चश्मा-3
20. अनुकृति-3
21. पत्र, चिट्ठी-2
22. होठ, अधर-2
23. मृत्यु देवता, यमराज-2
24. बीता हुआ दिन-2

**शब्द पहेली -8322 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | ल | ब | | ट | म | ट | म |
| प | | | द | स्त | क | | | हा |
| र | | ना | नी | | ला | श | | ज |
| ख | ल | ना | य | क | | ब | त | न |
| | ल | | त | | ना | | री | |
| म | ना | ही | | ह | क | ब | का | ना |
| हा | | ना | क | | क | ल | | वि |
| ब | | | स | पा | ट | | | का |
| त | ब | बा | र | | ना | ह | क | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**1 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**



**मंगलवार** 2025 वर्ष का 91 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** चतुर्थी 02.33 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** भरणी 11.07 बजे को समाप्त। **योग** विष्कुम्भ 09.48 बजे को समाप्त। **करण** गर 05.43 बजे, वणिज 16.05 बजे तदनन्तर विष्टि 02.33 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 02.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 04° 33' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872301 **जूलियन दिन** 2460766.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सव्वाल **तारीख** 02 **विशेष** विनायक चतुर्थी, मासिक कार्तिगाई, बैंक अवकाश।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.35 बजे से |
| चंद्र | मेष में | वृष | 08.15 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.13 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.26 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.43 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.54 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.05 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.20 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.36 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.41 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 03.28 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.00 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज विंडो



### आग लगने से पार्किंग में खड़ी 10 बाइक जलकर खाक,

बिलासपुर। तोरवा क्षेत्र के वैशाली रीजेंसी अपार्टमेंट की पार्किंग में खड़ी गाड़ियों में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात भीषण आग लग गई. घटना में 10 बाइक पूरी तरह जलकर राख हो गईं. वहीं आग की चपेट में एक कार भी आई, जिसका एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. घटना की जानकारी होने पर अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों ने पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की. वहीं घटना की सूचना तौर पर पुलिस में फायर ब्रिगेड को दी गई. घटना रात करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है. तेज लपटें उठती देख कॉलोनी के लोगों की नींद खुल गई. आग तेजी से फैल रही थी, लेकिन स्थानीय निवासियों ने तुरंत पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की. वहीं घटना की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी अपार्टमेंट पहुंची लेकिन तब तक कई गाड़ियां जलकर खाक हो गई.

### भू-विस्थापित करेंगे 1 अप्रैल को एसईसीएल मुख्यालय का घेराव

कोरबा । कोरबा जिले के भू-विस्थापितों ने ऊजार्धानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के बैनर तले रोजगार, मुआवजा और पुर्नवास से जुड़े मुद्दों को लेकर 1 अप्रैल को एसईसीएल के सीएमडी दफ्तर के घेराव का निर्णय लिया है। इस घेराव में कोरबा जिले के गेवरा, दीपका, कुसमुंडा और कोरबा एरिया के खदान प्रभावित ग्रामो के भू-विस्थापितों के साथ ही दूसरे क्षेत्र के प्रभावित भी शामिल होंगे। समिति के सराईपाली इकाई के अध्यक्ष तिरिथ केशव ने बताया कि रोजगार, मुआवजे में कटौती और जमीन अर्जन के लिए खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने के बाद प्रक्रिया पूरी करने में देरी के विरोध सहित अन्य मांगों को लेकर यह घेराव आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि एसईसीएल उच्च न्यायालय के आदेशों को मानने से इंकार करती रही है, जिसके कारण भू-विस्थापितों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। मेगा परियोजना में बसाहट के एवज में बढ़ी दर से भुगतान किया जा रहा है और बाकी क्षेत्रों के साथ भेदभाव किया जा रहा है, जिसे बर्दाश्त नही किया जा सकता। इन सभी मांगो पर लंबे समय से क्षेत्रवार आंदोलन चलाया जा रहा हैं। अब सीधे मुख्यालय के सामने आर-पार की लड़ाई के लिए ज्ञापन दिया जाएगा और उसके बाद सभी क्षेत्रों के कोयला खदानों को एक साथ अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा।

### कार ने मोपेड सवार को मारी टक्कर ,सिर फटने से मौत

कोरबा। जिले के कटघोरा-अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। पाली थाना क्षेत्र के माखनपुर स्कूल के पास कार ने मोपेड को टक्कर मार दी। हादसे में मोपेड सवार 35 वर्षीय राम प्रसाद पावले की मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक चेटवा भावना चैतमा का रहने वाला था। वह सब्जी का व्यवसाय करता था और गांव-गांव घूमकर सब्जियां बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।स्थानीय लोगों के अनुसार, कार बेहद तेज गति से आई और सीधे मोपेड से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राम प्रसाद वाहन से दूर जा गिरे। सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई।घटना के बाद राहगीरों ने कार चालक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक के परिजनों और रिश्तेदारों ने घटनास्थल पर पहुंचकर आक्रोश जताया। वे सड़क जाम करने की तैयारी में थे, लेकिन पुलिस ने समझा-बुझाकर स्थिति को नियंत्रित किया।पुलिस ने आरोपी चालक को कार समेत हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। मृतक का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। शासन की ओर से परिवार को तत्काल सहायता राशि दी जा रही है।

### सिमगा सोनकर समाज द्वारा मां शक्ति की स्थापना दिवस मनाया गया

**सिमगा** । शनिवार के मां शक्ति की स्थापना दिवस मनाया गया सोनकर समाज के सभी वर्ग के लोग बच्चे बुजुर्ग सभी शामिल हुए मां शक्ति जी की पूजा कर स्थापना दिवस की सुरआत की संध्या के समय मां शक्ति जी की सोभा यात्रा पुरे सिमगा नगर में निकाली गई सिमगा सोनकर समाज अध्यक्ष भागवत सोनकर सिमगा नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह भाटिया जी ने मां शक्ति जी के भक्त व पुरे सोनकर समाज को बधाई दी समाज के लोगों व सभी भगतों ने बड़े हर्षो उल्लास के साथ मां शक्ति जी की स्थापना दिवस मनाई

### गायत्री शक्ति पीठ डौंडी लोहारा में चैत्र नवरात्र पर्व पर अखंड ज्योति प्रज्वलित

**बालोद** । गायत्री शक्ति पीठ डौंडी लोहारा में चैत्र नवरात्र पर्व पर 30 मार्च को प्रातः 6 बजे अखंड ज्योति वैदिक मंत्रों के साथ प्रज्वलित किया गया। नवरात्र प्रारंभ से प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से सायं 6 बजे तक साधक 24000 गायत्री महामंत्र के जाप का लघु अनुष्ठान पूर्ण करेंगे। जिसकी पूणार्हुति 6 अप्रैल को साधक 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ से पूर्ण करेंगे। गायत्री की महिमा के बारे में मिलन सिन्हा ने बताया कि गायत्री वह महाशक्ति है जिसकी साधना करके मनुष्य अपने जीवन विकास के मार्ग में बड़ी सहायता प्राप्त कर सकता है। गायत्री अनुष्ठान करने वाले मनुष्य में निरंतर ऐसी सूक्ष्म एवं चैतन्य विद्युत धारा संचालित होने लगती है जो मन बुद्धि चित में अपना सूक्ष्म प्रभाव डालती है गायत्री साधना से सभी की मनोकामनाएं भी पूर्ण होती है। गायत्री महामंत्र के चौबीस हजार लघु अनुष्ठान भोला राम साहू, मिलन सिन्हा, पुराणिक सोरी, वीरेंद्र साहू, नौवेंद्र साहू, कैलाश नाथ साहू, विशंभर बाघमारिया, प्रज्ञानंद बाघमारिया, ओमप्रकाश केसरा , विदेशी चौहान, सम्पन्न करेंगे।

### जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने भेट मुलाकात कर ली जनता से आशीर्वाद

**बालोद** । जिला पंचायत बालोद के क्षेत्र 05 के नव निर्वाचित सदस्य गुलशन चंद्राकर तथा जनपद सदस्य टुकेश्वरी साहू अपने क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में जा कर भेट मुलाकात कर अपने विजयी होने पर आशीर्वाद लिया तथा आभार व्यक्त की, जनपद सदस्य गुण्डरदेही टुकेश्वरी साहू ने कहा कि मैं आप से जो आशीर्वाद मिला उसको नही भूल सकती तथा सुख दुख में आपके साथ रहने तथा जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर से मिल जुल कर क्षेत्र की जनता के लिए कार्य के प्रति अग्रसर रहेंगे ?

# बालोद में ईद का त्यौहार खुशनुमा माहौल पर मनाया गया

## रमजान के रोजे के बाद खुशी का इजहार करते मुस्लिम समुदाय

विजयमत न्यूज।



बालोद। ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम मोहम्मद शकील चिस्ती ने कहा कि यह गरीब, यतीम सारे लोगों की ईद होती है, आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है,आज शुकराना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है, कोई गरीब इंसान है,उसकी मदद करने का दिन है, कोई गरीब हो और उसके तन में कपड़ा ना हो तो अमीरों को चाहिए कि उसकी खुशी के लिए कपड़े का इंतजाम करेंहाफिज शकील चिस्ती ने कहा की रमजान का रोजा ईद का तोहफा है, उसके रोजे बारगाहे इलाही में मकबूल होते हैं, उसके लिए ईद है इस ईद के दिन सब एक जगह इकट्ठा होकर आपस में दिलों मे बसें नफरतों, हसद को खत्म कर भाई -भाई का रिश्ता बनाकर एक दूसरे से गले मिले ईद की नमाज अदा करने से पहले आप गरीबों की मदद करके आइए उनकी तकलीफो को दूर करके आइए उनकी मदद करिये ताकि वह भी खुशी से त्यौहार मना सकें ,ईद की नमाज के बाद उन्होंने प्रदेश व हिंदुस्तान की तरक्की, अमन,भाईचारा, शांति के लिए दुआएं कीं- ईद उल फितर पर छोटे बड़े बुजुर्ग सभी नए वस्त्र पहन कर ईदगाह पहुंचे नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी,नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम के लिए परवर दिगार से मग फेरत के लिए दुआएं की, यह त्योहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है! मुस्लिम समाज से मजीद शेख, हुसैन बाबा, आदिल अमान, अतहर बख्श, गुलाम मोईनुद्दीन, बबलू भाई, अल्ताफ तिगाला, इस्माइल खान, मो जुनैद कुरैशी, अमजद खान,जावेद तिगाला, अहमद खान दादा भाई, शेख गुलाम, रहीम मोहम्मद, अख्तर रजा,शेख इमामुद्दीन, शेख नावेद, असफाक तिगाला,अल्ताफ तिगाला, इमरान खान, अतहर बक्श, समीर खान, ताहिर ताज इन सभी को ईद की नमाज के बाद इंतजामियाँ कमेटी बालोद की ओर से रमजान उल मुबारक के मौके पर समाज में रोजा इफ्तार कार्यक्रम मे योगदान देने व समाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मेमेंटो देकर अध्यक्ष शाहिद अहमद खान,उपाध्यक्ष सईद तिगाला ने हौसला अफजाई करते हुए उन्हें मुबारकबाद दी

### नगर पालिका अध्यक्ष ने दी बधाई

ईद के इस मौके पर इंतजामियां कमेटी के शाहिद खान ने मुसलमानों को ईद की बधाई दी व कमेटी के विकास कार्य की जानकारी देते हुए पुलिस प्रशासन,नगरपालिका का आभार व्यक्त किया मुस्लिमों द्वारा ईद की नमाज अदा करने के बाद इंतजामियाँ कमेटी के अध्यक्ष शाहिद खान उपाध्यक्ष शकील तिगाला व कमेटी के पदाधिकारीयों व मुस्लिम समुदाय के लोंगो से नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा चौधरी उनके पति संतोष चौधरी पार्षद प्रीतम यादव,बंटी शर्मा व जनप्रतिनिधियों ने ईदगाह स्थित कब्रिस्तान आकर मुस्लिम समुदाय के लोगों से मुलाकात कर उन्हें ईद की बधाई व शुभकामनाएं दी ।



### संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अभिभावक एवं शिक्षक बैठक आयोजन

राजनांदगांव। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला-राजनांदगांव में आईक्यूएसी सेल के तहत अभिभावक व शिक्षक संघ बैठक का आयोजन किया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ गुरप्रीत कौर छाबड़ा अध्यक्षता में बीएड प्रशिक्षणार्थियों एवं अभिभावक के मध्य महाविद्यालय में शिक्षा से संबंधित, शैक्षणिक भ्रमण, प्रायोगिक, योगा, मॉडल एग्जाम विषय पर चर्चा हुई। अभिभावको के द्वारा सुझाव लिए एवं उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। कार्यक्रम के अंत में आईक्यूएसी प्रभारी सुरवी भट्टाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया व महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## भूमि सुपोषण दिवस का हुआ आयोजन, गौ पूजन और कृषि प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

विजय मत न्यूज।

कोरबा। जिले के बालको क्षेत्र में चैत्र मास शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर किसानों द्वारा भूमि सुपोषण दिवस मनाया गया। इस दौरान खेतों से लाई गई पवित्र मिट्टी पर कलश स्थापना कर पूजन-अर्चन किया गया। साथ ही गौ पूजन भी किया गया, जिससे जैविक और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।पूजन के पश्चात गौ आधारित कृषि प्रणाली पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बीजोपचार, जीवामृत, घन जीवामृत, जैविक कीटनियंत्रण आदि की विधियों की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने प्राकृतिक खेती के लाभ, मृदा सुधार, जैविक खाद के महत्व और टिकाऊ कृषि पद्धतियों पर किसानों को जागरूक किया।जिला गौ सेवा संयोजक लालिमा जायसवाल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य किसानों को जैविक और पारंपरिक कृषि पद्धतियों से जोडना है, जिससे मृदा की उर्वरता बनी रहे और स्वस्थ फसल उत्पादन संभव हो। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए गौ आधारित जैविक खेती को अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी दिनेश करनाल, तुमान आयुष विभाग की डॉक्टर कुमुदिनी माला डहरिया, आयुर्वेद विशेषज्ञ अर्जुन श्रीवास, उन्नत किसान प्रमुख भाई खुमान सिंह कंवर, अमृत लाल राठिया, मोहित राम साहू, पत्थर सिंह कंवर, गणेश सिंह कंवर, सागर सिंह राठिया, मंक्ष कुमार, संतोष कुमार यादव सहित अनेक किसान भाई उपस्थित रहे।

## गर्मी बढ़ने के साथ सस्ते देशी फ्रिज की बढ़ने लगी मांग

विजयमत न्यूज।



**लवन,**। गर्मियों के दिनों में ठंडे पेयजल के रूप में काम में लिए जाने वाले मिट्टी के घड़ो की मांग अब बढ़ने लगी है। सेहत के लिए उत्तम एवं बेहतर पेयजल हमेशा प्रदान करने वाले गरीबो के फ्रिज अब लवन नगर के बाजार में उपलब्ध हो गए है। रविवार को लवन के साप्ताहिक बाजार में बाजार चौक में कुम्भकारो ने अपनी दुकाने लगा ली है। अंचल में अब तेज धूप झुलसाने लगी है। ऐसे में लोग शीतल पेयजल के लिए मटके खरीदने लगे है। देशी फ्रिज की जगह बिजली से चलने वाले फ्रिज ने स्थान ले लिया है। इसलिए समय के साथ अब इनका महत्व भी धीरे-धीरे कम होने लगा है, लेकिन मध्यम और गरीब तबके के लोग आज भी गर्मियों में ठंडे पानी के लिए मटके का ही उपयोग कर रहे है। सैकड़ो सालों से लेकर आज भी लोग इन मिट्टी के घड़ो का प्रयोग करते आ रहे है। इन घड़ो का जल आज भी लोग बड़े चाव से पीते है। बेशक बिजली से चलने वाले फ्रिज ने घड़ो का स्थान ले लिया है, लेकिन आज भी कुछ उत्सवो पर इन देशी फ्रिज का वजूद देखने को मिल रहा है। देशी फ्रिज की मांग आज के वैज्ञानिक युग में भी उतने ही लोकप्रिय है जितने पहले के जमाने में होते थे। कड़ी मेहनत के बाद भी अच्छे दाम नहीं मिलने से अब कुम्हार भी मिट्टी के बर्तन बनाने में विशेष रूचि नहीं दिखा रहे है। नई पीढि भी पुश्तैनी काम में रूचि नहीं ले रहे है। आने वाले समय में देशी फ्रिज बड़ी मुश्किल से ही मिल पायेंगे।

गरीबो के देशी फ्रिज आज उतने लोकप्रिय नही है जितने पहले होते थे। आज भी भीषण गर्मी में सड़क किनारे मटको में शीतल पेयजल मिलता है जहाँ ठंडा पानी पीने के लिए राहगीर रूकते है।

घडो का पानी पीकर वे शकुन महसूस करते है। बुजूर्ग व्यक्ति तो आज भी देशी फ्रिज का पानी को विभिन्न रोगो का कारण मानते हुए घड़ो के पानी को ही पसंद करते है। मिट्टी के घड़ो का व्यापार करने वाली हरदी गांव की महिला मेलबाई प्रजापति ने बताया कि पहले की अपेक्षा अब मिट्टी के घड़े की मांग कम हो गई है। पहले बाजार में 200 मटके आसानी से बिक जाते थे। अब 50 मटके ही बमुश्किल से बिकते है। ग्राहको की डिमांड व साईज के हिसाब से कीमत तय किये गए है।

### 130 रू 90, 70 व 50 रुपए तक के मटके बाजार में उपलब्ध है।

घड़ा बनाने वाला मिट्टी बमुश्किल से ही मिल पाता है, जहाँ भी मिट्टी मिलता है, वहां से मिट्टी को लाना महंगा पड़ता है। बेशक घड़ो की कद्र कम हो गई हो, लेकिन आज भी घड़ो को भुलाया नहीं जा सकता है। घड़ो में पानी लम्बे समय तक ठंडा रहता है, जिसे पीने से शरीर को किसी प्रकार की कोई नुकसान नहीं होती है।

## बाजार अतरिया के नथेला महोत्सव में जस सम्राट दुकालू यादव की प्रस्तुति 2 अप्रैल को




खैरागढ़। चैत्र नवरात्र के अवसर पर खैरागढ़ के अतरिया बाजार में भव्य नथेला महोत्सव का आयोजन नथेला मंदिर समिति और समस्त क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। यह महोत्सव समाज में एकजुटता और सामाजिक परंपराओं को जीवित रखने का महत्वपूर्ण कार्य करता है। हर साल इस आयोजन में लोग अपनी श्रद्धा और विश्वास को व्यक्त करने के लिए बड़ी संख्या में शामिल होते हैं, और इसे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर के रूप में देखा जाता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष एवं दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर उपस्थित रहेंगे . अध्यक्षता जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह करेंगे . विशेष आमंत्रित अथिति के रूप में साजा विधायक ईश्वर साहू,जिला पंचायत प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे.नथेला महोत्सव में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाते हैं, जो यहां आने वाले दर्शकों को आकर्षित करते हैं। इस आयोजन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग खैरागढ़ आते हैं। इसके अलावा, यहां मनोकामना दीप प्रज्वलित करने की परंपरा भी निभाई जाती है, जो श्रद्धा और आस्था का प्रतीक है। महोत्सव के दौरान मेला भी लगता है, जो आकर्षण का केंद्र रहता है और क्षेत्रवासियों के लिए एक प्रमुख सांस्कृतिक घटना बन जाता है।

इस वर्ष महोत्सव में विशेष आकर्षण छत्तीसगढ़ के जस सम्राट दुकालू यादव का जगराता कार्यक्रम होगा। दुकालू यादव अपनी टीम के साथ 2 अप्रैल, बुधवार को शाम 7 बजे नथेला मंदिर प्रांगण में अपनी प्रस्तुति देंगे। यह कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए एक अद्वितीय अवसर होगा,

जहां वे छत्तीसगढ़ की लोक कला और संगीत का आनंद ले सकेंगे।नथेला मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि जो भी श्रद्धालु दीप प्रज्वलित करवाना चाहते हैं, वे 28 मार्च तक संपर्क कर सकते हैं। समिति ने सभी से अपील की है कि वे इस विशेष अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव की गरिमा बढ़ाएं और इस सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनें।

## एकीकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा पांचवी का मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ



भाटापारा । एकीकृत बोर्ड परीक्षा कक्षा पांचवी का मूल्यांकन कार्य आज से पूरे प्रदेश में एक साथ प्रारंभ हुआ। इसी तारतम्य शहर के पंचम दीवान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाटापारा में भी यह मूल्यांकन कार्य चालू हुआ है जिसमें भाटापारा के विभिन्न संकुलों के24 शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई हैं।मूल्यांकन केंद्राध्यक्ष के रूप में शैलेंद्र नामदेव प्राचार्य एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष मुकेश देवांगन की ड्यूटी लगी है,सहयोग के लिए राजेश शर्मा,राजेश नामदेव समन्वयक रूम न.01एवम02 में लगाई गई है।आज पाँचवी परीक्षा मूल्यांकन के निरीक्षण के लिए प्रथम दिवस की जिला शिक्षा अधिकारी बलौदाबाजार के हिमांशु भारतीय एवं बलौदाबाजार विकासखंड शिक्षा अधिकारी आरके टंडन के द्वारा मूल्यांकन कार्य के निरीक्षण कार्य किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने मूल्यांकन के दौरान होने वाले सामान्य त्रुटि एवं अन्य सावधानियां के बारे में जानकारी दी तथा यह कार्य को पूर्ण ईमानदारी से करने की नसीहत दी।मूल्यांकन कार्य की निरीक्षण में दुर्गेश शर्मा बी आर.सी.सी. नेताम एबीईओ आए। मूल्यांकन कार्य में सहयोग हेतु मनीष देवांगन प्रमोद वर्मा चौहान श्रीमती प्रियंका ठाकुर श्रीमती मंजू वर्मा आज की ड्यूटी लगाई गई है

## नगर पंचायत लवन की जनता कराह रही पानी -पानी को ?

- **20 साल से समस्या यथावत, हर दो माह बाद समस्या जस की तस**
- **आखिर कब मिलेगी नगरवासियों को पानी की समस्या से निजात**

विजय मत न्यूज।



**लवन**। केन्द्र सरकार द्वारा हर घर नल योजना का शुभारंभ किया गया है। जल जीवन मिशन योजना के माध्यम से देश के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पानी पहुंच सके। जिसके लिए सरकार द्वारा प्रत्येक घर तक नल का कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि प्रत्येक घर तक साफ स्वच्छ पानी उपलब्ध हो सके। लेकिन नगर पंचायत लवन में नल-जल योजना का बुरा हाल है। वगित 20 साल से समस्या यथावत बनी हुई है, हर दो माह बाद समस्या जस की तस हो जाती है। यहा की जनता पानी की विकराल समस्या से जूझ रहा है, यहा पेयजल के लिए करोड़ो रूपए खर्च करने के बावजूद भी नगर वासियों को सुचारू रूप से पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। लवन नगर में विगत एक सप्ताह से पानी भयंकर समस्या बनी हुई है। ज्यादातर नलों में पानी नहीं आने के कारण नगर वासियों को बूंद बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। विदित हो कि शासन द्वारा करोडों रूपया खर्च कर फिल्टर प्लांट तो बना दिया गया है, लेकिन फिल्टर प्लांट में सुचारू रूप से पानी सप्लाई नहीं होने के कारण नगरवासियों को पेयजल के लिए वंचित होना पड़ रहा है।उल्लेखनीय है कि इस फिल्टर प्लांट में पंडरिया पम्प एक सप्ताह से बंद है। जानकारी के अनुसार जल स्तर नीचे चला गया है पंडरिया एनिकट का गेट का मरम्मत कार्य चल रहा है, इस वजह से गेट खोल दिया गया है। इसकी वजह से इंटेकवेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी नहीं पहुंचने पर पंडरिया इंटेकवेल बंद है। पंडरिया इंटेकवेल से फिल्टर प्लाट लवन तक पानी पहुंचने पर पूरे नगरवासियों को पानी की सप्लाई होती है। फिलहाल एक सप्ताह से पानी सप्लाई बाधित है, तब से लवन नगर में पानी की विकराल समस्या बनी हुई है। हालांकि नगर पंचायत टैंकरो के माध्यम से पानी आपूर्ति कर रही है, लेकिन आबादी अधिक होने पर टैंकर का पानी भी पूर्ति कर पाने में असफल साबित हो रहा है।

**नगर पंचायत लवन में इन जगहों से होती है पानी सप्लाई**

बुढ़ा तालाब पम्प से वार्ड क्र. 7,8, 9, 10, 11 एवं वार्ड 05 के कुछ जगहों पर पानी सप्लाई होती है। वही, बूढा तालाब के दूसरे पम्प से वार्ड क्र 12, 14, 15, 02 इसी तरह डोंगरीडीह महानदी से वार्ड क्र. 04, 06, 01 एवं वार्ड क्र 5 के कुछ हिस्सों पर तथा नगर पंचायत के बोर से वार्ड क्र 13 एवं 14 में पानी आपूर्ति होती है।

### इन वार्डो में पानी सप्लाई है बंद

वार्ड क्र. 01, 02, 03 मेन रोड एवं कोरदा, मरदा रोड में पानी सप्लाई नहीं हो रही है। इसके अतिरिक्त लवन नगर के अधिकतर वार्डो में पानी सप्लाई बाधित है, साथ ही डोंगरीडीह महानदी का पाईप लाईन लिकेज है, जिसकी जगह पर 110 मीटर तक नया पाईप लाईन विस्तारीकरण हो रहा है।विस्तारीकरण में एक-दो दिन का समय लगने की जानकारी बताई गई। वही, नगर पंचायत लवन के द्वारा 3 टैंकरो के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वार्ड में भीषण पानी की समस्या होने की वजह से वार्डवासी पानी को लेकर तू-तू मै-मैं हो रहे है। सभी लोगों को टैंकर से पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है।इस संबंध में नगर पंचायत लवन के अध्यक्ष से उसके मोबाईल पर बार-बार सम्पर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाईल रिसीव नहीं करने पर सम्पर्क नहीं हो पाया।

### क्या कहते है सीएमओ

पंडरिया का जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इस वजह से लवन में पानी सप्लाई नहीं हो पा रहा है। वही, डोंगरीडीह महानदी से आने वाला पाइप लीकेज हो गया है, और उक्त जगह पर वर्तमान में आबादी बस गई है, इसलिए नया पाइप लाइन विस्तारीकरण का कार्य हो रहा है, कल से पानी मिलना शुरू हो जाएगा।

प्रणव प्रवेश प्रधान, सीएमओ
नगर पंचायत लवन

### क्या कहते है नगर पंचायत उपाध्यक्ष

पंडरिया का जल स्तर काफीनीचे चल दिया है, जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से नदी में जल छोडने की मांग किया गया ताकि पानी इंटेकवेल तक पहुंचे। इंटेकवेल तक पानी पहुंचने पर पानी सप्लाई शुरू हो जायेगा। वही डोंगरीडीह महानदी के लिए 20-25 वर्ष पहले पाईप लाईन विस्तारीकरण किया गया था। अभी वर्तमान में आबादी बस गई है। पाईप लाईन लिकेज हो गया है। पाईप लाईन नया विस्तारीकरण के लिए नया टेंडर हो गया है,

## न्यूज इन शॉर्ट




### अवैध शराब परिवहन पर कार्रवाई, 54 लीटर शराब के साथ वाहन जब्त

अनूपपुर। बिजुरी थाना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 54 लीटर अवैध शराब के साथ बाइक और मोबाइल सहित कुल 78080 रुपए का मशरूका जब्त किया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी दो आरोपी को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया है। गिरफ्तार आरोपी 36 वर्षीय दिलीप शर्मा उर्फ भैया पिता भुवनेश्वर प्रसाद शर्मा निवासी वार्ड क्रमांक 12 बिजुरी और 20 वर्षीय मंगल प्रसाद कोल पिता राजेन्द्र प्रसाद कोल निवासी वार्ड नंबर 11 बिजुरी तथा भागने वाले का नाम आभाष सिंह राणा निवासी कोठी का होना बताया गया है। सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। थाना प्रभारी विकास सिंह ने बताया कि ईद नवरात्रि व्यवस्था के लिए वाहन चेकिंग बिजुरी पुलिस द्वारा खेडिया क्रेशर तिराहा बिजुरी में लगाई गई थी। इसी दौरान 30 मार्च को बाइक एमपी 65 एसए 0884 में 3 व्यक्ति बहेराबांध कोठी की तरफ आते दिखाए दिए। जिसमें से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर गाड़ी से कूदकर भाग गया। संदेह होने पर तत्काल बाइक को घेराबंदी कर अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में दोनों आरोपियों की पहचान की गई और भागने वाले आरोपी का भी नाम सामने आया। उनके पास रखे बोरे की जांच में लगभग 54.390 लीटर अंग्रेजी बियर और देशी शराब पाया गया। जिसकी अनुमानित कीमत 23080 रुपए, जब्त बाइक कीमत 50 हजार रुपए और मोबाइल कीमत 5 हजार रुपए सहित कुल कीमत 78080 रुपए को जब्त करते हुए मामला दर्ज किया गया और आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया है।



### जल तथा जलस्रोतों का संरक्षण एवं संवर्धन सभी की जिम्मेदारी, अभियान का शुभारंभ

अनूपपुर। जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के ग्राम पंचायत बिलासपुर में रविवार को जल गंगा संवर्धन अभियान का जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम, जिपं सदस्य भुवनेश्वरी देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत अनूपपुर जिले में 30 मार्च से 30 जून तक यह अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान जल तथा जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी से अभियान में सहभागिता करने की अपील की। शुभारंभ कार्यक्रम में लोगों को जल के संरक्षण एवं संवर्धन का महत्व बताया गया तथा जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए शपथ भी दिलाई गई तथा अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ गणेश पांडेय, एपीओ वरुण सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी एवं आमजन्य उपस्थित थे।

### विजय पांडे बने नोटरी नगरवासियों ने दी बधाई

अनूपपुर। नगर परिषद बरगवां अमलाई के वार्ड क्रमांक 4 जयप्रकाश नगर अमलाई में निवास करने वाले विजय कुमार पांडे को नोटरी का दायित्व दिया गया है। श्री पांडे लगातार कई वर्षों से अनूपपुर न्यायालय में वकालत के रूप में अपनी सेवा दे रहे हैं। जिसे देखते हुए उन्हें नोटरी बनाया गया है। उनके नोटरी बनने पर संदीप पुरी, विशाल पुरी सहित अनूपपुर के सभी वासियों ने बधाई दी तथा उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# ये कैसा स्वच्छता अभियान:दिखावा साबित हो रही नगर की सफाई व्यवस्था, लोग गंदगी से हो रहे परेशान

## घरों से नियमित नहीं संग्रहण हो रहा कचरा, नगर पालिका का उदासीन रवैया







विजय मत, अनूपपुर।

नगरीय क्षेत्रों सहित ग्रामीण अंचलों में भी सफाई व्यवस्था को लेकर शासन स्तर पर कई योजनाएं संचालित की जा रही है। यहां तक स्वच्छ भारत के तहत शौचालय, कचड़ा, और संग्रहित कचड़ा से खाद व बिजली बनाने जैसी योजनाओं पर काम किया जा रहा है। लेकिन अनूपपुर नगरपालिका का स्वच्छता अभियान इन मामलों में अपनी सुस्त रवैए में नगरवासियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। वार्ड की नालियों से लेकर सडक़ की सफाई और घरों से कचड़ा संग्रहण का काम सब ज्यों का त्यों पड़ा है। मानों शहर में नगरपालिका जैसी कोई संस्था ही नहीं। जिसके कारण अनूपपुर के वार्डवासी गंदगी के बीच जीवन यापन करने को मजबूर हैं। नगर पालिका के अंतर्गत 15 वार्ड है। जिनमें मुख्य तिराहों में शामिल इंदिरा तिराहा, तहसील के पास, अमरकंटक तिराहा, शिवमंदिर तिराहा, सामतपुर तिराहा पर कचड़े का ढेर, अमरकंटक अंडरब्रिज के पास जाम और पटौराटोला वार्ड की दुर्गंध मारती नालियां किसी से छिपी नहीं है। यहां तक कि पुरानी सब्जी मंडी की गलियों में सड़ी गली सब्जियों और आसपास के घरों से निकलने वाले कचड़ा की ढेर वर्षो पूर्व जैसी हालात को बयां कर रही है।

### कहां गई वाहन और सैकड़ो कर्मचारी, सफाई एक पैसे की नहीं

नगर में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने नपा द्वारा दैनिक वेतनभोगी के लगभग 80 से अधिक कर्मचारी रखे गए हैं। इसके अलावा 40 नियमित कर्मचारी है। कचड़ा संग्रहण करने 8 वाहन इनमें 2 चल रही है। शेष 2 शोरूम में है 4 कबाड़ हो गई है। जबकि सकरी वार्ड में कचड़ा संग्रहण के लिए लाखों की कीमत में खरीदी गई 4 रिक्शा अब चिल्ड्रेन पार्क में कबाड़ के रूप में खड़ी है। जबकि 3 ट्रैक्टर जिनसे नगर की सडक़ की सफाई व्यवस्था में उपयोग किया जाता है। लेकिन यहां रोजाना हजारों खर्च के बाद शहर की सफाई व्यवस्था एक पैसे जैसे नहीं दिखती है। समस्याओं के समाधान के लिए नपा के जिम्मेदारों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नगर के साथ जिला मुख्यालय अनूपपुर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।

### बिना अनुमति सडक़ों पर निर्माण सामग्रियां

सफाई के अलावा जिम्मदारों की कार्यशैली भी ऐसी बन गई है कि शहर में कहीं कोई पक्का निर्माण होता है तो नागरिक नगरपालिका की बिना अनुमति मुख्य सडक़ पर सामग्रियों को गिरवा देते हैं। इससे सडक़ बाधित होता रहता है। यातायात प्रभावित होते हैं लेकिन जिम्मेदारों द्वारा ऐसे लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई तक नहीं की जाती है।

# जंगल में जुआ खेलते धराया पार्षद, मुख्य सरगना फरार

## पुलिस कार्रवाई में दो जुआड़ी गिरफ्तार, 8040 रुपए के साथ तीन बाइक जब्त


विजय मत, कोतमा।

भालूमाड़ा थाना क्षेत्र के बाडीखार जंगल में जुआ खेले जाने की सूचना पर रविवार को पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए दो जुआडिय़ों को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से 8040 रुपए नगद, तास के 52 पत्ते और तीन बाइक भी जब्ती की है। गिरफ्तार जुआडिय़ों में 60 वर्षीय मनोज कुमार पिता स्व. अमरनाथ दीक्षित तथा 46 वर्षीय सुशील कुमार उर्फ चुन्ना पिता शेषमणि तिवारी दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 18 सुंदर नगरी भालूमाड़ा बताए गए हैं। वहीं इस कार्रवाई में मुख्य सरगना सहित तीन अन्य जुआड़ी फरार हो गए हैं। गिरफ्तार जुआडिय़ों में चुन्ना उर्फ सुशील तिवारी भाजपा समर्थित वार्ड क्रमांक 09 नपा पसान के पार्षद बताए जा रहे हैं। जिनकी गिरफ्तारी के बाद पार्षद को बचाने के लिए नेताओं के फोन अफसरों के पास घंटों घनघनाते रहे। लेकिन पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में हुई कार्रवाई के बाद राजनीतिक गलियारों से आने वाली फोन का दवाब कम पड़ गया है। पुलिस ने सभी जुआडिय़ों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों की जानकारी के अनुसार मामले में मुख्य सरगना धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ नन्हे निवासी पसान अपने दो अन्य साथियों के साथ फरार बताया जा रहा है। थाना प्रभारी संजय खलको ने बताया कि पसान निवासी धर्मेंद्र मिश्रा उर्फ नान्हे द्वारा अपने साथियों के साथ कुछ समय से भालूमाड़ा, शिवलहरा, पोड़ी, चोड़ी, भाद, बाड़ीखार के जंगलों एवं उसके आस पास जुआ खिलवाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। रविवार को टीम द्वारा मुखबिर की सूचना मिलने पर बाडीखार के जंगल में घेराबंदी कर रेड कार्रवाई किया गया तो जुआडिय़ान 52 ताश के पत्तो पर रुपयों पैसो से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे। घेराबंदी कर आरोपी सुशील कुमार उर्फ चुन्ना एवं मनोज कुमार को पकड़ा गया है। बताया जाता है कि पार्षद चुन्ना पूर्व में भी जुआ खेलते कई बार पकड़ा जा चुका है।

### नव वर्ष के उपलक्ष में मातृशक्ति के द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

धनपुरी- चैत्र नवरात्र का पर्व शुरू हो गया और भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष में मातृशक्ति के द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाली गई यह शोभा यात्रा यज्ञ स्थल नंबर एक धनपुरी से दोपहर 3ः00 बजे शुरू हुई जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थी धनपुरी में सकल सनातन परिवार द्वारा इस दिव्य अलौकिक शोभा यात्रा का आयोजन किया गया और इस शोभा यात्रा को लेकर भक्तों का उत्साह देखते बन रहा था शोभायात्रा में नगर पालिका धनपुरी के अध्यक्ष श्रीमती रविंदर कौर छाबड़ा भी शामिल हुई।

शोभा यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होते हुए गोप चौराहे के पास पहुंचा जहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने इस शोभा यात्रा का स्वागत किया और शोभा यात्रा में शामिल लोगों के ऊपर फूलों की वर्षा की शोभायात्रा को लेकर कई दिनों पहले से ही तैयारी की जा रही थी यही कारण था कि जब इस शोभायात्रा की शुरुआत हुई तो इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए यहां से शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से होते हुए धनपुरी मुख्य चौराहे पहुंची जहां पर पहले से ही शोभा यात्रा की स्वागत को लेकर लोग मौजूद थे यहां पर जैसे ही शोभा यात्रा पहुंची जमकर आतिशबाजी की गई लोग देवी गीतों पर झूम रहे थे और नव वर्ष की एक दूसरे को बधाई भी दे रहे थे धनपुरी नगर के अंदर नव वर्ष की उपलक्ष में जो इस शोभा यात्रा की शुरुआत की गई उसे लेकर भक्तों में भी उत्साह था शोभा यात्रा में शामिल सभी में एक उत्साह देखा जा रहा था

# 180 लीटर अवैध शराब जब्त, दो आरोपी गिरफ्तार

### शराब दुकान के पीछे बाड़ा में अवैध शराब बिक्री के लिए थी रखी

विजय मत, अनूपपुर।




कोतमा पुलिस ने अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए 180 लीटर शराब जब्त की है। यहां पुलिस ने दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जिनके खिलाफ धारा 34(2) आबकारी अधिनियम कायम कर विवेचना में लिया गया है। वहीं आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी सुंद्रेश सिंह मरावी ने बताया कि 31 मार्च की सुबह मुखबिर की सूचना मिली कि नेशनल हाईवे 43 रोड कोतमा की शराब दुकान के पीछे बाड़ा में अवैध शराब बिक्री के लिए रखी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने छापामार कार्रवाई की तो मौके पर दो व्यक्ति मिले। जिनसे नाम पता पूछने पर 55 वर्षीय रामदयाल प्रसाद पिता फगुनी साव निवासी ग्राम अंबा थाना कुटुंबा जिला औरंगाबाद बिहार हाल हाईवे शराब दुकान सेल्समेन गाद्दीदार कोतमा एवं 45 वर्षीय सनत कुमार सिंह पिता स्व. नंद कुमार सिंह निवासी ग्राम कोल्हे मझौली थाना पाली जिला औरंगाबाद बिहार हाल सेल्समेन गद्दीदार शराब दुकान बस स्टैंड कोतमा का होना बताया। जिसे अवैध शराब के संबंध में पूछताछ करने पर बताया कि ठेका का आखिरी दिन होने से बचा हुआ माल बिक्री करने के लिए अतुल के बाडा में रखवाना है। दोनों संदेहियों से अवैध शराब निकलवा कर गिनती कराई गई तो 20 पेटी प्लेन शराब कुल 180 लीटर कीमत 70 हजार रुपए जब्त की गई। वहीं आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

# ईदगाह व मस्जिदों में सजदे में झुका सिर, अमन-चैन और खुशहाली की मांगी दुआएं


विजय मत, अनूपपुर।

माहभर से चला आ रहा पवित्र रमजान का पावन महीना सोमवार 31 मार्च को ईद उल फितर पर्व के साथ सम्पन्न हो गया। इस मौके पर जिलेभर के मुस्लिम धर्मावलंबियों ने आसपास के ईदगाहों और मस्जिदों पर एकत्रित होकर नमाज अदा की और विश्व कल्याण की मन्नत मांगी। इससे पूर्व 30 मार्च को रमजान की आखिरी नमाज अदाएगी की गई। ईद उल फितर के मौके पर जिला मुख्यालय अनूपपुर के बड़ी ईदगाह में सुबह 9 बजे हाफिज सलमान रजा अनूपपुर ने नमाज अदा कराई गई। मुस्लिम भाईयों ने ईद की नमाज अदाकर एक दूसरे को ईद मुबारकबाद कहा। ईदगाह पर जिला प्रशासन के अधिकारी सहित पुलिस पदाधिकारी व नगरपालिका अमले के साथ सुरक्षा जवान तैनात रहे। नगरपालिका की ओर से टेंट, पानी सहित सफाई व्यवस्था कराई गई थी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी ने बताया कि पर्व के मौक पर जिलेभर में लगभग 35 ईदगाह और मस्जिदों पर नमाज अदा की गई है। मस्जिदों की सुरक्षा और कानून व्यवस्थाओं को बनाए रखने पुलिस अधिकारियों के साथ 300 से अधिक पुलिस बल सभी थाना क्षेत्रों में तैनात किए गए थे। इसके अतिरिक्त मस्जिद एरिया के आसपास मोबाइल पेट्रोलिंग व्यवस्था को तैनात किया गया था। वहीं भालूमाड़ा में ईद उल फित्र का पर्व सदभावनापूर्ण व सौहार्द्र के साथ मनाया गया।

### अमन चैन और खुशहाली की दुआ मांगी

कोतमा नगर में ईद-उल-फितर का त्योहार सोमवार को शांति एवं अकीदत के साथ मनाया गया। ईद को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट नजर आया। ईद पर नगर के इस्लाम गंज, बनिया टोला मस्जिद के साथ लहसुई गांव के पास ईदगाह में सैकड़ो की संख्या लोगों ने ईद की नमाज अदा किया गया। नमाज के बाद लोगो ने एक दूसरे को गले मिल कर ईद की मुबारकबाद दिया।

**सफलता** कभी शहडोल संभाग तो कभी सेंचुरियन मुम्बई में छोड़ी है प्रतिभा की छाप, अब एसईसीआर में उपलब्धि अर्जित करने की बारी

# भालूमाड़ा के सनी का आई-लीग थर्ड डिवीजन टीम में चयन

विजय मत, भालूमाड़ा।



भालूमाड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 10 में रहने वाला होनहार खिलाड़ी 27 वर्षीय सनी पटेल पिता भागीरथी पटेल का बचपन से ही फुटबॉल के प्रति अधिक लगाव रहा है। खेल के दौरान उन्होंने जिले से लेकर संभाग और प्रदेश तक अपने खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उनकी इसी लगन और मेहनत के कारण वे जिस टीम से भी भागीदारी करते उस टीम को सफलता मिलती रही। उनकी इसी खेल प्रतिभा को देखते हुए उनका चयन एसईसीआर रेलवे की टीम में हुआ है। अब वह आई-लीग थर्ड डिवीजन फुटबॉल चैंपियनशिप में रेलवे की तरफ से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। वहीं एसइसीआर रेलवे टीम अब आई-लीग थर्ड डिवीजन फुटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेगी। सनी पटेल अपने संभाग ओर जिले के एकमात्र खिलाड़ी हैं जो आई-लीग में अपना हुनर दिखाएंगे और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगे। सनी पटेल के इस उपलब्धि पर सभी माता पिता सहित नगरवासी के साथ जिलावासियों ने बधाई दी है।

### सेंचुरियन जैसी टीम का रह चुके हैं हिस्सा

दरअसल फुटबॉल के प्रति दीवानगी के कारण सनी पटेल प्रदेश के शहडोल संभाग के जिला अनुपपुर भालूमाड़ा और बाद में सेंचुरियन (मुंबई) जैसी टीम का हिस्सा रह चुके हैं। हाल ही में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शहडोल के मिनी ब्राजील फुटबॉल पर चर्चा की थी। वहीं एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र भी अतीत में फुटबॉल के लिए जाना जाता रहा है। कोल इंडिया में एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र फुटबॉल टीम की अपनी पहचान थी। यहां राष्ट्रीय स्तर तक फुटबॉल में खिलाडियों ने अपना जौहर दिखाया है। वहीं अब सनी पटेल ने बिलासपुर एसइसीआर रेलवे टीम का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने लगातार अच्छा प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए शानदार खेल से विजयी दिलाई है। सनी पटेल और उनके साथियों की मेहनत ने स्टेट चैंपियनशिप जीती। इस खिताब के साथ उन्होंने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की वह है आई-लीग थर्ड डिवीजन में भागीदारी।

# बाल कल्याण समिति भोपाल एवं अनूपपुर कि टीम, संत जोसेफ मिशन स्कूल पहुंचकर किए दस्तावेज जप्त

विजय मत, बिजुरी।

कोयलांचल नगरीय क्षेत्र बिजुरी का सबसे विवादित विद्यालय का तमगा हासिल किए संत जोसेफ मिशन स्कूल में उस वक्त खलबली मच गयी। जब बाल विकाश कल्याण समिती भोपाल एवं अनूपपुर सहित महिला एवं बाल विकाश विभाग कि संयुक्त टीम ने शनिवार 29 मार्च को एकाएक विद्यालय पहुंचकर जांच शुरु कर दिया गया। और विद्यालय में भारी अनियमितताएं पाने पश्चात सभी दस्तावेज जब्त कर, टीम उन सभी दस्तावेजों को अपने साथ भोपाल ले गयी।

बाल कल्याण समिती के सदस्यों से बात करने पश्चात मालुमात हुआ कि संत जोसेफ मिशन स्कूल कि भूमि संदिग्ध होने साथ-साथ विद्यालय को हॉस्टल संचालित करने कि अनुमति नही होने बाद भी संचालक द्वारा दशकों से विद्यालय में हॉस्टल संचालित किया जा रहा है। जो कि पूरी तरह से नियमों के विपरीत है। इन सबके अतिरिक्त भी विद्यालय में भिन्न-भिन्न गम्भीर अनियमितताएं पायी गयी है। जिस वजह से विद्यालय के दस्तावेजों को जप्त करते हुए बाल कल्याण समिति कि टीम सभी दस्तावेजों को अपने साथ भोपाल लेकर आयी है। जिनकी जांचकर कार्यवाई के लिए भेजा जाएगा।

गौरतलब है कि संत जोसेफ मिशन स्कूल में पूर्व के दौरान कयी गम्भीर घटनाएं घटित हो चुकि है। यहां तक कि एक विद्यार्थी कि मौत भी हो चुकि है, यही कारण है कि इस विद्यालय कि गणना कोयलांचल नगरीय क्षेत्र बिजुरी में सर्वाधिक विवादित विद्यालय के रूप में कि जाती है। जनचर्चाओं कि मानें तो विद्यालय के संचालक सांठ-गांठ के कला में माहिर खिलाड़ी माने जाते हैं। यही कारण है कि आए दिन विवादों में घिरे रहने एवं तरह-तरह के आरोप-प्रत्यारोप लगने बाद भी उक्त विद्यालय पर शासन-प्रशासन के जिम्मेदारों ने कभी भी सख्ती नही बरती। जिससे विद्यालय प्रबंधन अपनी मनमानी पर सदैव से ही अमादा रहा है। और शासन-प्रशासन के नियम कानूनों को तिलांजलि देकर विद्यालय को आमदनी का चारागाह बनाए बैठा है।

# आईपीएलः आरसीबी अंक तालिका में शीर्ष पर बरकरार, मुम्बई अंतिम स्थान पर

■ रॉयल्स को मिला नौवां स्थान

**मुम्बई, एजेंसी**

राजस्थान रॉयल्स की टीम को आईपीएल के 18 वें सत्र में पहली जीत मिल गयी है। रॉयल्स को हालांकि इसका कोई खास लाभ नहीं हुआ है और वह नौवें स्थान पर ही आ सकी। वहीं अंतिम स्थान पर मुम्बई इंडियंस है। अभी अंक तालिका में नंबर एक पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु है, जिसने अपने दोनों मुकाबले जीते हैं। इस प्रकार टीम के कुल 4 अंक हैं। वहीं दूसरे नंबर पर दिल्ली कैपिटल्स के भी चार अंक है पर रन रेट कम होने से वह पीछे हो गयी है। नेट रन रेट आरसीबी का प्लस 2.266 का है, जबकि कैपिटल्स का नेट रन रेट प्लस 1.32 का है। वहीं तीसरे नंबर पर लखनऊ सुपर जायंट्स है, जिसने दो में से एक मैच जीता है पर बाकी टीमों से लखनऊ का नेट रन रेट बेहतर है। गुजरात टाइटन्स चौथे नंबर पर है, जबकि पंजाब किंग्स पांचवें नंबर पर है।

अंकतालिका में छठे स्थान पर कोलकाता नाइट राइडर्स है, जिसने दो में से एक मैच जीता है। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद को 3 में से एक मैच में ही जीत मिली है और वह सातवें नंबर पर है। आठवें नंबर पर तीन में से दो मैच हारी चेन्नई सुपर किंग्स है।

### अंक तालिक इस प्रकार है

| टीमें मैच | खेले | जीत | हार | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 4 | +2.266 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 4 | +1.320 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.963 |
| गुजरात टाइटन्स | 2 | 1 | 1 | 2 | +0.625 |
| पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 2 | +0.550 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 1 | 1 | 2 | -0.308 |
| चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.771 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.871 |
| राजस्थान रॉयल्स | 3 | 1 | 2 | 2 | -1.112 |
| मुंबई इंडियंस | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.163 |

## सनराइजर्स के कप्तान कमिंस बोले आने वाले मैच में वापसी करेंगे



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनकी टीम को भले ही दो मैचों में हार मिली है पर इसका मतलब ये नहीं कि वह कमजोर हो गयी है। कमिंस ने कहा कि उनकी टीम शीघ्र ही लय में लौटेगी। सनराइजर्स ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में 286 रनों का अच्छा खासा स्कोर बनाया था पर इसके बाद के दो मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा था। सनराइजर्स को लखनऊ सुपर जाइंट्स और उसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने हराया हालांकि इसके बाद भी कमिंस चिन्तित नहीं है। उन्होंने कहा , 'दो मैच हारने पर चिंता करना अभी जल्दबाजी होगी। उम्मीद है कि हम शीघ्र ही वापसी करेंगे। हमें अपने कुछ विकल्पों को आजमाना। एक दो चीजों में बदलाव करने होंगे जिससे परिणाम हमारे पक्ष में रहेंगे।' उन्होंने कहा, 'कुल मिलाकर खिलाड़ियों ने साबित किया है कि वे क्या कर सकते हैं क्योंकि अभी ज्यादा बदलाव की जरूरत नहीं है।' उनहोंने माना है कि शीर्ष क्रम के खराब प्रदर्शन और बल्लेबाजों के गैर जिम्मेदाराना शॉट्स से भी नुकसान हुआ है।

# आईपीएल में आज होगा लखनऊ और पंजाब में बीच मुकाबला

**लखनऊ, एजेंसी**

लखनऊ सुपरजाइंट्स की टीम का मुकाबला मंगलवार को यहां आईपीएल में पंजाब किंग्स से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए अपना पूरा जोर लगा देंगी। ऋषभ पंत की कप्तानी में सुपरजाइंट्स का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल करना रहेगा। सुपरजाइंट्स को अपने पहले मैच में हार मिली थी पर दूसरे मैच में उसने सनराइजर्स हैदाराबाद के खिलाफ जीत दर्ज कर अच्छी वापसी की है। इस मैच में निकोलस पूरन और मिचेल मार्श ने तेजी से अर्धशतक लगाये थे। टीम चाहेगी कि ये दोनो अब पंजाब के खिलाफ भी इसी लय को बनाये रखें। पूरन अभी तक सबसे ज्यादा छक्के और स्ट्राइक रेट के साथ रन बना रहे है। वहीं मार्श ने लगातर दो बार पचास से अधिक रन बनाये हैं। टीम की सफलता के बाद भी कप्तान ऋषभ के रन नहीं बनाने से टीम की चिन्ताएं बढ़ी हैं। वह शुरुआती दो मैच में शून्य और 15 रन की बना पाये हैं। अब उनका लक्ष्य इस मैच में बड़ा स्कोर बनाकर अपने आलोचकों को जवाब देना रहेगा। वहीं इस मैच में दो सबसे महंगे कप्तानों ऋषभ और श्रेयस अय्यर की भिड़ंत को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साहत रहेगा।

श्रेयस अय्यर इस बार पंजाब की कप्तानी कर रहे हैं। उन्होंने पिछले आईपीएल में केकेआर टीम को खिताब जिताया था। इस बार आईपीएल की शुरुआत से ही श्रेयस ने अच्छा प्रदर्शन कर जमकर रन बनाये हैं। अय्यर ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 42 गेंद पर नाबाद 97 रन बनाकर मैच विजेता पारी खेली थी। अय्यर अब इसी लय को जारी रखना चाहेंगे। उनके अलावा टीम की ओर से शशांक सिंह और प्रियांश आर्य ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। जिससे पंजाब के हौंसले बुलंद रहेंगे। पंजाब के पास तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और इंपैक्ट प्लेयर के रूप में उतरे मध्यम गति के गेंदबाज विजयकुमार वैशाख जैसे खिलाड़ी हैं।




### दोनों टीमों की अंतिम ग्यारह इस प्रकार है

**पंजाब किंग्स**-श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, ग्लेन मैक्सवेल, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस,अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल, विजयकुमार वैशाख, सूर्यांश शेडगे

**लखनऊ सुपरजाइंट्स**-ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड मिलर, एडेन मारर म, निकोलस पूरन, मिचेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, आयुष बडोनी, आवेश खान, , प्रिंस यादव, शारदुल ठाकुर और रवि बिश्नोई।

## अच्छी शुरुआत नहीं मिलने से हारेः रुतुराज




**गुवहाटी।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने गुवाहाटी के बारसापारा स्टेडियम में खेले गये आईपीएल मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मिली छह रनों की हार पर निराशा जतायी है। रुतुराज ने कहा कि अच्छी शुरुआत नहीं मिलने और खराब फील्डिंग के कारण ही उनकी टीम को हार झेलनी पड़ी है। इस मैच में नितीश राणा के तेजी से बनाये 81 रनों और वानिंदु हसरंगा के चार विकेटों की सहायता से राजस्थान ने जीत दर्ज की। इस मैच में 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीएसके की टीम 6 विकेट पर 176 रन ही बना पायी, रुतुराज ने सबसे अधिक 63 रन बनाये पर अन्य बल्लेबाज असफल रहे। सीएसके की यह लगातार दूसरी हार है। इससे पहले उसे अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों साल 2008 के बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा था। रुतुराज ने कहा कि मुकाबले में हमारी शुरुआत अच्छी नहीं रही है। अगर यह ठीक हो जाए तो चीजें बदल जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने फील्डिंग में 8 से 10 रन ज्यादा दे दिए, जिसे सुधारने की जरूरत है।

# इस बार आरसीबी जीत सकती है खिताबः डिविलियर्स

**चेन्नई, एजेंसी**

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि इस बार जिस प्रकार अब तक आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) ने खेलना है उससे ये लग रहा है कि वह अपना पहला खिताब जीत सकती है। आरसीबी में लंबे समय तक रहे डिविलियर्स का मानना है कि इस बार रजत पाटीदार की कप्तानी में टीम पहले से कहीं बेहतर नजर आ रही है। साथ ही कहा कि अगर इसी प्रकार वह खेलती रही तो उसके लिए जीत की राह बनती रहेगी। आरसीब ने इस बार बार 16 साल बाद चेन्नई में सीएसके को हराया है जिसके बाद से ही डिविलियर्स का हौंसला बढ़ा हुआ है। डिविलियर्स के अनुसार इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना



अच्छा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैंने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था बल्कि ये आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था। डिविलियर्स ने कहा कि मैंने पहले तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को देखा तो मुझे लगा कि वह नहीं खेल रहा है और फिर दूसरे मैच में वह टीम में था। आपको यही तो चाहिए। पहले मैच में वह टीम में नहीं था और दूसरे मैच में वह किसी और की जगह टीम में था। यही वह संतुलन और गहराई है जो टीम को में होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरसीबी की यह टूर्नामेंट में परिणामें के लिहाज से ही नहीं टीम के हिसाब से भी सबसे अच्छी शुरूआत है। इसका अंदाजा इसी से होता है कि टीम ने पहले केकेआर को उसी के मैदान पर हराने के बाद सीएसके को घरेलू मैदान पर हरया। आईपीएल अंक तालिका में अभी आरसीबी पहले नंबर पर पहुंच गयी है। उसने अब तक दोनो ही मैच जीते हैं। पहले मैच में उसने केकेआर को सात विकेट से हराया और दूसरे मैच में सीएसके पर जीत दर्ज की। अब उसका लक्ष्य 2 अप्रैल को होने वाले अगले मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराना रहेगा।

### महिला सुपर लीग फुटबॉल



लंदन में इंग्लैंड महिला सुपर लीग फुटबॉल मुकाबले में वेस्ट हेम की शेलीना जेडोरस्की हेडर करती हुई।

## बिजनेस


### निवेशकों, करदाताओं और आम लोगों की जेब पर पड़ेगा असर

# आज से बदल जाएंगे एमएफ, क्रेडिट कार्ड, आयकर और यूपीआई से जुड़े कई नियम

**नई दिल्ली, एजेंसी**

1 अप्रैल से नया वित्तीय वर्ष 2025-26 शुरू हो जाएगा। नए साल की शुरुआत के साथ ही म्यूचुअल फंड, क्रेडिट कार्ड, यूपीआई ट्रांजैक्शन, इनकम टैक्स और जीएसटी से जुड़े बहुत से नियम बदल जाएंगे। इनका असर निवेशकों, करदाताओं और आम लोगों पर पड़ेगा। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड यानी सेबी ने म्यूचुअल फंड में निवेश से संबंधित कुछ नियमों में परिवर्तन कर दिया है, जो एक अप्रैल, 2025 से लागू होंगे. नए फंड ऑफर के तहत जुटाए गए फंड को अब 30 बिजनेस दिनों के भीतर निवेश करना अनिवार्य होगा। यदि कोई एसेट मैनेजमेंट कंपनी इस अवधि में निवेश नहीं कर पाती है, तो उसे निवेश समिति की मंजूरी से 30 दिनों का और विस्तार मिल सकता है। 60 दिनों के भीतर भी निवेश नहीं









होने पर एएमएसी को नए निवेश लेने से रोक दिया जाएगा और निवेशकों को बिना किसी पेनल्टी के एग्जिट की अनुमति मिलेगी। सेबी ने स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड्स नाम की एक नई कैटेगरी शुरू की है, जो म्यूचुअल फंड और पोर्टफोलियो मैनेजमेंट सर्विसेज के बीच की श्रेणी होगी. इसमें निवेश के लिए कम से कम 10 लाख रुपए की जरूरत होगी। केवल वही एएमसी इसे लॉन्च कर सकती हैं, जिनका एवरेज एसेट अंडर मैनेजमेंट पिछले तीन वर्षों में 10,000 करोड़ रुपए से अधिक रहा हो। एक अप्रैल से निवेशक अपने डीमैट और म्यूचुअल फंड होल्डिंग स्टेटमेंट्स डिजीलॉकर में डिजिटल रूप से स्टोर और एक्सेस कर सकेंगे. इससे अनक्लेम्ड एसेट्स की समस्या कम होगी और नॉमिनी को एसेट्स एक्सेस करना आसान बनेगा।

# पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**




वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में लगातार जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में सोमवार को कोई बदलाव नहीं हुआ। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार देश में सोमवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.72 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 87.62 रुपए, मुंबई में प्रति लीटर की कीमत 103.94 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 89.97 रुपए, कोलकाता में प्रति लीटर पेट्रोल का भाव 103.94 रुपए और डीजल का भाव 90.76 रुपए, चेन्नई में प्रति लीटर पेट्रोल का दाम 100.85 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 92.44 रुपए प्रति लीटर, बेंगलुरु में प्रति लीटर पेट्रोल का दाम 102.86 रुपए प्रति लीटर और डीजल की कीमत 88.94 रुपए प्रति लीटर, लखनऊ में प्रति लीटर पेट्रोल का भाव 94.65 रुपए और डीजल का भाव 87.76 रुपए प्रति लीटर, नोएडा में प्रति लीटर की कीमत 94.87 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 88.01 रुपए प्रति लीटर, गुरुग्राम में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 95.19 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 88.05 रुपए, चंपडीगढ़ में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 94.24 रुपए है और डीजल प्रति लीटर 82.40 रुपए और पटना में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 105.18 रुपए और डीजल प्रति लीटर के दाम 92.04 रुपए है।

# वोडा आइडिया को राहत, सरकार इक्विटी में बदल देगी बकाया 37 हजार करोड़

■ कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 22.6 फीसदी से बढ़कर लगभग 49 फीसदी हो जाएगी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आर्थिक संकट का सामना कर रही दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) को सरकार से बड़ी राहत मिली है। वीआई ने बताया कि सरकार उसकी बकाया स्पेक्ट्रम नीलामी देनदारी को इक्विटी शेयरों में बदल देगी, जिसकी कुल कीमत 36,950 करोड़ रुपए है। इससे कंपनी में सरकार की हिस्सेदारी 22.6 फीसदी से बढ़कर लगभग 49 फीसदी हो जाएगी। वीआई ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया, दूरसंचार मंत्रालय ने सितंबर 2021 में घोषित टेलीकॉम सेक्टर के रिफॉर्म्स और सहायता पैकेज के तहत यह फैसला लिया है कि बकाया स्पेक्ट्रम नीलामी देनदारियों जिसमें स्थगन अवधि खत्म होने के बाद चुकाई जाने वाली स्थगित देनदारियां भी शामिल हैं को इक्विटी शेयरों में बदला जाएगा, जो भारत सरकार को जारी किए जाएंगे। वीआई ने बताया कि उसे 10 फेस वैल्यू वाले 3,695 करोड़ इक्विटी शेयर 10 रुपए की कीमत पर जारी करने का निर्देश मिला है। ये शेयर जरूरी मंजूरी मिलने के 30 दिनों के अंदर सरकार को दिए जाएंगे। इसमें सेबी और दूसरी रेगुलेटरी अथॉरिटी की मंजूरी शामिल है। इसके बाद प्रमोटर समूह आदित्य बिड़ला ग्रुप और वोडाफोन पीएलसी–कंपनी पर अपना परिचालन नियंत्रण बनाए रख सकेंगे। सितंबर 2021 में कैबिनेट द्वारा मंजूर टेलीकॉम रिफॉर्म्स पैकेज के तहत सरकार ने आर्थिक रूप से संकटग्रस्त टेलीकॉम कंपनियों को सरकारी बकाया कर्ज के एक हिस्से को इक्विटी में बदलने की अनुमति दी थी। फरवरी 2023 में, करीब 16 महीने की चर्चा के बाद सरकार ने वीआई की 16,000 करोड़ रुपए की ब्याज देनदारी को इक्विटी में बदलने को मंजूरी दी थी। इसके बाद केंद्र सरकार ने कंपनी में 33.1 फीसदपी हिस्सेदारी ले ली थी।

## टाटा मोटर्स ने पेश की टाटा यू नामक कॉन्सेप्ट कार

**नई दिल्ली।** स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने स्ट्रेट स्कूल ऑफ डिज़ाइन के साथ मिलकर टाटा यू नामक एक कॉन्सेप्ट कार पेश की है, जो भारत में सेल्फ-ड्राइविंग टेक्नोलॉजी की शुरुआत कर सकती है। यह प्रोजेक्ट अंसुमान मलिक और अतमज वर्मा द्वारा छह महीनों में तैयार किया गया, जिसमें टाटा मोटर्स के अजय जैन, स्ट्रेट स्कूल ऑफ डिज़ाइन के एडमंड स्पिट्ज और थॉमस डाल ने मार्गदर्शन दिया। टाटा यू कॉन्सेप्ट कार पूरी तरह से ऑटोनॉमस होगी और यह भारत में आने वाली टेस्ला कारों को टक्कर देने की क्षमता रखती है।

टाटा यू एक कॉम्पैक्ट इलेक्ट्रिक कार है, जिसकी लंबाई 3700 मिमी, चौड़ाई 1500 मिमी, और ऊंचाई 1800 मिमी है। इसमें हब-माउंटेड मोटर्स का इस्तेमाल किया जाएगा, हालांकि इसकी बैटरी क्षमता और रेंज का अभी खुलासा नहीं किया गया है। इस वाहन में मिडिल कम्पार्टमेंट होगा, जिसमें ई-कॉमर्स पार्सल को सुरक्षित रूप से स्टोर और ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है। यह सेल्फ-ड्राइविंग कार एआई-आधारित सिस्टम से लैस होगी, जिससे यह खुद ही पार्सल सॉर्ट कर सकेगी और ऑटोमैटिकली डिलीवरी कर पाएगी।

# वैश्विक बाजार में सोने ने रचा इतिहास कीमत 3100 डॉलर के पार



■ ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से मांग में आई जोरदार तेजी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक बाजार में सोने की कीमतों ने सोमवार को इतिहास रचते हुए पहली बार 3,100 डॉलर प्रति औंस का स्तर पार कर लिया, जिससे आर्थिक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच निवेशकों का रुझान सुरक्षित निवेश की ओर और बढ़ गया। स्पाट गोल्ड की कीमत बढ़कर 3,106.50 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गई, जो अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। विशेषज्ञों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की टैरिफ नीति को लेकर चिंताओं, संभावित आर्थिक असर और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के चलते निवेशकों का रुख फिर से सुरक्षित विकल्प यानी गोल्ड की ओर बढ़ा है। इस साल अब तक सोने की कीमतों में 18 फीसदी से ज्यादा की बढ़ोतरी हो चुकी है। यह लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। इसी महीने की शुरुआत में सोना पहली बार 3,000 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार कर गया था। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं और व्यापारिक तनाव के माहौल में सोने की सुरक्षित संपत्ति और महंगाई से सुरक्षा देने वाली छवि और मजबूत हुई है। विश्लेषकों ने कहा कि इन हालातों में हम गोल्ड की स्थिति को लेकर सकारात्मक हैं। टैरिफ को लेकर अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के चलते इसकी मांग और बढ़ सकती है। इस तेजी की एक वजह ट्रंप की टैरिफ नीति भी मानी जा रही है। ट्रंप ने दोबारा 25 फीसदी टैरिफ की योजना बनाई है जो अमेरिका में आयात की जाने वाली कारों और ऑटो पार्ट्स पर लागू होगी।

# बैंक अकाउंट से दूर रह रहे लोग भी कर सकते हैं यूपीआई पेमेंट

■ एक ही समय में एक ही यूपीआई से 5 लोग पेमेंट कर सकेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यूपीआई (यूपीआई) भारत में आम लोगों के जीवन का एक जरूरी हिस्सा बन चुका है। यूजर्स कैश रखने के बजाय यूपीआई के जरिए पेमेंट करना पसंद करते हैं लेकिन क्या आप जानते हैं कि अब आप एक यूपीआई से अकेले ही नहीं, अपनी गर्लफ्रेंड या फैमिली के साथ भी यूपीआई अकाउंट शेयर कर सकते हैं। सरल भाषा में समझें तो आपके बैंक अकाउंट से दूर रह रहे लोग भी यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। इस फीचर का नाम यूपीआई सर्किल है, जिसमें यूपीआई अकाउंट होल्डर दूसरे लोगों को अपने अकाउंट से पेमेंट करने की अनुमति दे सकता है। प्राइमरी यूजर जिसके पास बैंक और यूपीआई अकाउंट है, वह यूपीआई सर्किल बना सकता है। इसमें जो लोग ऐड किए जाएंगे, वो यूपीआई पेमेंट कर पाएंगे। फिलहाल एक ही समय में एक ही यूपीआई से 5 लोग पेमेंट कर सकेंगे। इस फीचर को बीते साल एनपीआई ने लॉन्च किया था। फिलहाल आप भीम ऐप के जरिए इस फीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं। धीरे-धीरे दूसरे यूपीआई ऐप पर भी यह फीचर मिलने लगेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बोर्ड परीक्षा परिणाम के नाम पर ठगी, छात्रों और अभिभावकों को सतर्क रहने की अपील




ठगों के निशाने पर छत्तीसगढ़ बोर्ड के स्टूडेंट्स

रायपुर। बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद छात्रों और उनके अभिभावकों की चिंता अब परिणाम को लेकर बढ़ गई है, और इसी का फायदा उठाकर शातिर ठग कॉल कर रहे हैं। इन ठगों द्वारा परीक्षा में पास कराने के नाम पर छात्रों और अभिभावकों से पैसे की मांग की जा रही है।माध्यमिक शिक्षा मंडल के अधिकारियों ने इस मामले पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बताया कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ लोग फर्जी कॉल के जरिए छात्रों और अभिभावकों से पैसे की मांग कर रहे हैं, यह कहकर कि वे परीक्षा परिणाम में सुधार या पास कराने में मदद करेंगे।

अधिकारियों ने सभी छात्रों और अभिभावकों को चेतावनी दी है कि ऐसे फोन कॉल के झांसे में न आएं। उन्होंने अपील की कि यदि कोई इस तरह का कॉल आए, तो तुरंत नजदीकी पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस तरह के फर्जी फोन कॉल्स का छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल से कोई संबंध नहीं है, और अभिभावकों और छात्रों को सतर्क रहने की आवश्यकता है ताकि इस प्रकार की ठगी से बचा जा सके।

### रेत अवैध उत्खनन पर प्रशासन हुआ सख्त, तीन हाइवा व चैन माउंटेन मशीन जब्त



रायपुर। प्रदेश की महानदी से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ  प्रशासन की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है. रविवार को ग्राम कागदेही में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायत पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की. इस कार्यवाही के तहत आरंग एसडीएम पुष्पेंद्र शर्मा के मार्गदर्शन में आरंग तहसीलदार सीता शुक्ला के नेतृत्व में राजस्व विभाग और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने 1 चैन माउंटेन मशीन और 3 हाइवा वाहनों को जब्त कर लिया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम कागदेही में अवैध तरीके से रेत का परिवहन करने के लिए रैम बना कर महासमुंद जिले से रेत की अवैध निकासी की जा रही थी. इस शिकायत के आधार पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है. इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार गजानंद सिदार, खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा, वीरेंद्र बेलचंदन, जितेंद्र केशरवानी, जितेंद्र वर्मा, लुकेश वर्मा, और छबि साहू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया.

### सड़क दुर्घटना में कारोबारी आशुतोष की मौत

रायपुर। दोस्त के साथ ललित महल होटल से कव्वाली कार्यक्रम देखकर वापस लौट रहे कारोबारी सुंदर नगर निवासी आशुतोष अग्रवाल (27) की कार अनियंत्रित होकर सेरीखेड़ी के पास पलट जाने उसकी मौत हो गई।मंदिर हसौद पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिकआशुतोष अग्रवाल शनिवार रात 3.30 बजे के करीब ललित महल होटल से कव्वाली कार्यक्रम देखकर अपने दोस्त के साथ वापस लौट रहा था कि उनकी कार सेरीखेड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई और इस हादसे में आशुतोष की मौत हो गई। वहीं उसका अन्य घायल हो गया जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### सीआरपीएफ के जवान पुल पर मोर्चा लगाकर दे रहे हैं सुरक्षा

# तीसरा पुल बनने से अबूझमाड़ को फायदा. बारहमासी आवागमन की सुविधा होगी

रायपुर । कभी नक्सलियों के अभेद किला जाने वाले अबूझमाड़ अब उनके के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है, यहां भी जवानों के द्वारा लगातार ऑपरेशन चलाकर बड़ी सफलताएं हासिल की जा रही हैं। पहुंचविहीन माड़ तक अब बारिश में भी आवाजाही हो सकेगी, माड़ तक जाने वाले रास्ते में सबसे बड़ी बाधा अब तक इंद्रावती नदी ही रही है, चाहे दंतेवाड़ा की तरफ से या बीजापुर की तरफ से, दंतेवाड़ा में इंद्रावती में पहले ही दो पुल बनकर तैयार हो गए हैं, एक छिंदनार में और दूसरा करका घाट में, जिससे अबूझमाड़ के 50 से अधिक गांव के लोगों को सुविधा मिल रही है। उसी इंद्रावती में अब तीसरा पुल फुंड़री के पास बन रहा है, इस



पुल का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है 20 प्रतिशत बचा हुआ काम भी बारिश तक पूरी हो जाएगी। इस पुल के शुरू होने से 12 ग्राम पंचायत के 50 से अधिक गांव के लोग बीजापुर जाने वाली नेशनल हाइवे 63 से सीधे जुड़ जाएंगे।

जिस माड़ तक अभी तक पहुंचना आसान नहीं था वह अब सीधे नेशनल हाइवे से जुड़ जाएगा। यह उच्च स्तरीय पुल फुंडरी में इंद्रावती नदी पर 35 करोड़ 60 लाख की लागत से 648 मीटर लंबा पुल बन रहा है, वहीं 208 मीटर नेशनल हाइवे और 242 मीटर बांगोली की तरफ एप्रोच सड़क भी तैयार की जा रही।उल्लेखनीय है कि 2018 में सुरक्षा के बीच इस पुल का काम शुरू हुआ था, नक्सलियों द्वारा पुल निर्माण में बाधा डालने प्रेशर आईईडी लगा जवानों को नुकसान पहुंचाने यहां हमेशा प्रयास करते हैं।

#### 648 मीटर लंबा बन रहा है उच्च,24 घंटे माड़ पर जवान रख रहे नजर

इस पुल को बनाने के लिए सीआरपीएफ का कैंप इंद्रावती नदी के किनारे लगाया गया है, जवान 24 घंटे माड़ से होने वाली हर गतिविधियों को नाकाम कर पुल तैयार करवा रहे हैं। पुल के ऊपर ही जवानों ने मोर्चा बना रखा है और बैरियर में हर आने-जाने वालों से पूछताछ होती है।यह उच्च स्तरीय पुल फुंडरी में इंद्रावती नदी पर 35 करोड़ 60 लाख की लागत से 648 मीटर लंबा पुल बन रहा है, वहीं 208 मीटर नेशनल हाइवे और 242 मीटर बांगोली की तरफ एप्रोच सड़क भी तैयार की जा रही।

## रायपुर आए नाइजीरिया और सूडान के विदेशी मेहमानों ने भी पढ़ी नमाज



रायपुर। रमजान के पवित्र महीने के समापन के बाद पूरे शहर में ईद-उल-फितर का त्योहार हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। रायपुर में कुल 56 स्थानों पर ईद की नमाज अदा की गई, जिनमें प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में हजारों की संख्या में नमाजी पहुंचे। लाखेनगर - बैरन बाजार ईदगाह, हल वाई लाइन जामा मस्जिद, छोटापारा मौदहापारा की मस्जिदों समेत अन्य प्रमुख स्थानों पर मुस्लिम समाज के लोग एकत्रित हुए और अल्लाह की इबादत करते हुए विशेष नमाज अदा की। नमाज के बाद सभी ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और भाईचारे का संदेश दिया। वाट्सएप पर भी सुबह से ईद मुबारक के मैसेज कर लोग अपने मुस्लिम भाइयों को बधाई दे रहे हैं।

नाइजीरिया और सूडान से आए विदेशी मेहमानों ने भी पढ़ी नमाज - इस खास मौके पर नाइजीरिया और सूडान से आए विदेशी मेहमानों ने भी रायपुर में ईद मनाई। वे यहां पढ़ाई और कारोबार के सिलसिले में आए हुए हैं इस बार रायपुरवासियों के साथ ईद की खुशियां साझा की।

## IAS अधिकारियों ने की राज्यपाल डेका से मुलाकात



रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका से भारतीय प्रशासनिक सेवा में पदोन्नत अधिकारियों ने आज राजभवन में सौजन्य भेंट की। इन अधिकारियों में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के उप-सचिव अश्वनी देवांगन( वर्ष 2018 बैच), नगरीय प्रशासन व विकास विभाग की उप-सचिव डॉ. रेणुका श्रीवास्तव (वर्ष 2019 बैच) एवं कोरबा नगर निगम के आयुक्त आशुतोष पांडेय (वर्ष 2019 बैच) शामिल थे। इन सभी अधिकारियों को राज्यपाल ने शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राज्यपाल की संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम (वर्ष 2016 बैच) भी उपस्थित थीं। अ'२ङ्ग फीं- शराब दुकान में तालाबंदी, हटाने की मांग पर अड़े ग्रामीणों ने खोला मोर्चा राज्यपाल रमेन डेका से राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन जैन समाज के सदस्य रायपुर तिलोकचंद बरडिया ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर अभय बंसल, अंकुश गोलचा, श्री नरेश नाहर, ललित पटवा भी उपस्थित थे। ईद की बधाई राज्यपाल रमेन डेका ने ईद-उल-फितर के अवसर पर प्रदेशवासियों सहित देशवासियों, विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय को बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि यह पूरे देश में मनाया जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। यह पवित्र अवसर हमें एक-दूसरे के साथ एकता, समरसता और सहयोग का अनुभव कराता है।

## एनआईटी रायपुर में वार्षिक कार्यक्रम में अविन्या 25 का हुआ आयोजन

रायपुर। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर के इनोवेशन सेल (आई-सेल) ने अपने प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम अविन्या का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (सीएसपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक (एमडी) भीम सिंह कंवर , आई ए एस उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार, एनआईटी रायपुर, डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे; प्रोफेसर, मैकेनिकल इंजीनियरिंग डॉ. एस. सान्याल , डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. मनोज चोपकर और आई-सेल के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. सौरभ गुप्ता भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के आशीर्वाद के साथ ही पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन समारोह से हुई। इसके बाद डॉ. सौरभ गुप्ता ने उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और प्रतिभागियों का



स्वागत करते हुए छात्रों को नवीनतम उद्योग प्रवृत्तियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. एस. सान्याल ने एनआईटी रायपुर में इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इनोवेशन डेवलपमेंट की नींव है और डिजिटल भुगतान प्रणालियों, एआई-आधारित स्वास्थ्य सेवा और कृषि प्रणालियों, इसरो की अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी उपलब्धियों, और उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकियों में भारत की प्रगति पर चर्चा करते हुए इस वर्तमान और भविष्य का प्रमुख भाग बताया । इसके बाद डॉ. नरेंद्र डी. लोंढे ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और इस बात पर जोर दिया कि इनोवेशन डेवलपमेंट की कुंजी है। उन्होंने छात्रों को पारंपरिक सीमाओं से परे सोचने, जिज्ञासा और साहस को सफलता की सीढ़ी बनाने के लिए प्रेरित किया।मुख्य अतिथि भीम सिंह कंवर ने अपने संबोधन में इस आयोजन का हिस्सा बनने पर आभार व्यक्त किया ।

और सतत ऊर्जा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सीएसपीडीसीएल वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों के विकास पर सक्रिय रूप से काम कर रहा है और ऊर्जा उत्पादन की चुनौतियों और

## साय ने भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा का फूलों से किया स्वागत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जयस्तंभ चौक, रायपुर में भगवान झूलेलाल की जयंती और चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद) पर्व पर आयोजित शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। यह शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धा और उल्लास के साथ शामिल होकर समूचे सिंधी समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को भगवान झूलेलाल जयंती, चेट्रीचण्ड्र पर्व, हिंदू नववर्ष एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान झूलेलाल केवल सिंधी समाज के आराध्य नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, साहस और सेवा भाव के प्रतीक हैं। चेट्रीचण्ड्र का यह पर्व नए वर्ष की उम्मीद, विश्वास और विजय की शुरूआत



है।मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान झूलेलाल और मां भवानी से प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा किल्लनवरात्रि के साथ प्रारंभ हो रहे इस शुभ समय में हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज और देश के लिए मिलकर काम करें।मुख्यमंत्री ने सिंधी समाज के संघर्षों, परिश्रम और उपलब्धियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि देश के विभाजन के बाद जब सिंधी समाज को अपना सबकुछ छोड़कर नए सिरे से जीवन शुरू करना पड़ा, तब भी आपने हार नहीं मानी।

## 10 करोड़ 38 लाख 83 हजार की जीएसटी चोरी मामले में ओविया टेडर्स का संचालक गिरफ्तार

विजय मत न्यूज।

रायपुर। एक महत्वपूर्ण प्रवर्तन कार्रवाई में, केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) विभाग ने श्री विनय कुमार टंडन को गिरफ्तार किया है, जो अपनी पत्नी के नाम पर पंजीकृत मेसर्स ओविया ट्रेडर्स नामक फर्म का संचालन कर रहे थे। उन्हें 28 मार्च को मिलाई में बड़े पैमाने पर कर चोरी के मामले में कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में चालान का मूल्य लगभग 70 करोड़ रुपये है और कर चोरी 10,38,83,084 रुपये (दस करोड अड़तीस लाख अस्सी तीन हजार चौरासी रुपये मात्र) है।




आरोपी को बिना माल या सेवाओं की आपूर्ति के फर्जी थालान के माध्यम से धोखाधड़ी से इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाते हुए और उसे पास करते हुए पाया गया, जिससे सरकारी खजाने को काफी नुकसान हुआ।विश्वसनीय खुफिया जानकारी और डेटा एनालिटिक्स के आधार पर, श्री राकाश गोयल प्रधान आयुक्त, सीजीएसटी रायपुर आयुक्तालय के कुशल नेतृत्व में, अधिकारियों ने एक विस्तृत जांच की,

जिसमें आपूर्तिकताओं के बैंक स्टेटमेंट और करदाता के ई-वे बिल डेटा और अन्य वित्तीय लेनदेन की जांच करने के बाद, यह निष्कर्ष निकाला गया कि आरोपी फर्जी बिल के आधार पर फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ उठाने और उसे पास करने में लिप्त था।साथ ही, करदाता की आगे की जांच से यह भी पता चला कि व्यक्ति के पास पहले से ही अपने नाम पर जीएसटी पंजीकरण था, जहां उसे 1 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का भुगतान करना था, जिसका कभी भुगतान नहीं किया गया और बकाया राशि का भुगतान करने के बजाय आरोपी ने धोखाधड़ी करने के लिए अपनी पत्नी के नाम पर एक और जीएसटी पंजीकरण ले लिया।

पर्याप्त सबूत इका करने के बाद, चूंकि इनपुट टैक्स क्रेडिट की राशि 5 करोड़ से अधिक है, इसलिए आरोपी को सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 69 के प्रावधानों के तहत अधिनियम की धारा 132 के तहत दंडनीय अपराध करने के लिए गिरफ्तार किया गया। व्यक्ति को दुर्ग जिल्ला न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया ।

## भाजपा नेता अंजय शुक्ला फिर बने छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष

रायपुर। छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अगले तीन साल के लिए फिर भाजपा नेता अंजय शुक्ला को अध्यक्ष चुन लिया गया है।होटल एम्ब्रोसिया में छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा हुई। सभा में सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष अंजय शुक्ला का कार्यकाल अगले तीन साल और बढ़ाने का फैसला लिया गया। आमसभा में शुक्ला ने सभी सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया, और उन्हें आश्वस्त किया कि प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार में ट्रांसपोर्टर्स को किसी भी तरह की परेशानी नहीं आने दी जाएगी।आमसभा में सुखदेव सिंह सिद्धू अध्यक्ष रायपुर बस्तर कोरापुट, अमित सूरी पूर्व अध्यक्ष



छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन, सुखी बाबा, सुब्रत डे अचल भाटिया, मलकीत सिंह, जसवंत सिंह, रितेश जैन, मनोज गुप्ता विनीत सिंह सलूजा, पवन साहू गणेश प्रसाद जायसवाल, नरेश अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, हरप्रीत सिंह भाटिया, अनुराग जैन, अमित तिवारी, आशीष अग्रवाल, अर्पित तिवारी, अरुण तुलसियान, भूपेंद्र यादव, शिवकुमार सिंह, हरप्रीत सिंह जयप्रकाश, हरविंदर सिंह द्वारिका अवस्थी, महेंद्र सिंह मनोज पोद्दार, कमल कुमार पोद्दार, जगदीश सिंघानिया संदीप शर्मा, वैभव जग्गी, परमिंदर सिंह संदीप कुमार, हरिंदर देवेंद्र यादव भगवत सिंह, जसविंदर सिंह दलविंदर सिंह, कुलदीप सिंह, खुशवंत सिंह, मुकेश सुल्तानिया विजय गुप्ता, दमनदीप आदि ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।

### सिंधी समाज के त्याग, तप और तरक्की को किया नमन

## मुख्यमंत्री ने भगवान झूलेलाल की शोभायात्रा का फूलों से किया भव्य स्वागत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने रविवार को जयस्तंभ चौक, रायपुर में भगवान झूलेलाल की जयंती और चेट्रीचण्ड्र (चैतीचांद) पर्व पर आयोजित शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। यह शोभायात्रा नगर भ्रमण के बाद जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धा और उल्लास के साथ शामिल होकर समूचे सिंधी समाज को पर्व की शुभकामनाएं दीं।मुख्यमंत्री ने इस पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को भगवान झूलेलाल जयंती, चेट्रीचण्ड्र पर्व, हिंदू नववर्ष एवं नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान झूलेलाल केवल सिंधी समाज के आराध्य



नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, साहस और सेवा भाव के प्रतीक हैं। चेट्रीचण्ड्र का यह पर्व नए वर्ष की उम्मीद, विश्वास और विजय की शुरूआत है।मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान झूलेलाल और मां भवानी से प्रदेशवासियों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करते हुए कहा किल्लनवरात्रि के साथ प्रारंभ हो रहे इस शुभ समय में हम सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि समाज और देश के लिए मिलकर काम करें।मुख्यमंत्री ने सिंधी समाज के संघर्षों, परिश्रम और उपलब्धियों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि देश के विभाजन के बाद जब सिंधी समाज को अपना सबकुछ छोड़कर नए सिरे से जीवन शुरू करना पड़ा, तब भी आपने हार नहीं मानी। आपकी कर्मठता, एकजुटता और आत्मबल ने आपको देश के हर कोने में सम्मानजनक स्थान दिलाया है।मुख्यमंत्री ने भारत रत्न श्री लालकृष्ण आडवाणी जी का विशेष रूप से स्मरण करते हुए कहा कि आडवाणी जी जैसे महान नेता सिंधी समाज की प्रेरणा हैं, जिन्होंने उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री जैसे दायित्वों को निभाकर राष्ट्रनिर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया।

उन्होंने आगे कहा कि सिंधी समाज का योगदान व्यापार, संस्कृति, शिक्षा और राष्ट्रसेवा के हर क्षेत्र में अनुकरणीय है। आपकी एकजुटता और पारिवारिक मूल्य आज भी नई पीढ़ी को रास्ता दिखाते हैं। इस अवसर पर रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक श्री किरण देव, पुरंदर मिश्रा, सिंधी काउंसिल के अध्यक्ष ललित जयसिंघ, श्रीचंद सुंदरानी, संजय श्रीवास्तव, पार्षद अमर गिदवानी, फिल्म अभिनेत्री श्रीमती भाग्यश्री सहित अनेक गणमान्यजन, जनप्रतिनिधि और समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा आशमां पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, जय स्तम्भ चौक, रायपुर (छग) से मुद्रित एवं डी-17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर, गुढियारी, रायपुर (छग) से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला। प्रधान संपादक- विजय शुक्ला*।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 ( *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो.-8889977997